दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



ईटा का गाना 'जी जी रे जी' रिलीज

जैकी पर म्यूजिकल फिल्म भी बननी चाहिए : घई

वर्ष : 12 अंक : 320 लखनऊ, 19 नवम्बर ,गुरूवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दी यह जानकारी

आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी अस्पतालों के लिए उपचार पैकेज 23 से बढ़ाकर 112 करेंगे, लोगों को अब घर के पास मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

सरकार आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित उपचार पैकेज की संख्या 23 से बढ़ाकर 112 करने की योजना बनाई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रस्तावित विस्तार में मुख्य रूप से ऐसी सामान्य बीमारियों के उपचार पर ध्यान दिया गया है जिनका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, विशेषकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और उपमंडलीय अस्पतालों (एसडीएच) में प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार

प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकेगा

बुनियादी ढांचा मजबूत होगा



एनएचए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इनमें से कई उपचार सरकारी अस्पतालों में पहले से उपलब्ध बुनियादी ढांचे, उपकरणों और प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की मदद से किए जा सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को ऐसे उपचार के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े, जो उनके घर के पास स्थित सरकारी अस्पतालों में प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इन अस्पतालों का अधिक इस्तेमाल होने से उनके बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलेगी।

बताया पहल का उद्देश्य

इस कदम के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। पहला, लाभार्थियों को वे स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर के करीब उपलब्ध कराना जिनकी उन्हें अक्सर जरूरत पड़ती है और दूसरा, मौजूदा बुनियादी ढांचे के अधिक इस्तेमाल एवं अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराकर सरकारी अस्पतालों को मजबूत बनाना।

इन रोगों को भी किया जाएगा शामिल

एनएचए ने सामान्य रूप से आवश्यक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा से जुड़े 89 अतिरिक्त उपचार पैकेज की पहचान की है जिन्हें शामिल करने के बाद पैकेज की प्रस्तावित संख्या 112 हो जाएगी। इनमें एनीमिया, उच्च रक्तचाप, श्वासनलियों में सूजन, दस्त, पैंचिश, आंत्रशोथ (पेट और आंतों में सूजन), मूत्र मार्ग में संक्रमण, गुर्दे की पथरी के कारण होने वाला तेज दर्द, अचानक बुखार आने से जुड़ी बीमारियों और मधुमेह से जुड़ी कुछ जटिलताओं के उपचार शामिल हैं। प्रस्तावित सूची में गर्भाशय निकालने की शल्य चिकित्सा, बायोप्सी (जांच के लिए ऊतक का नमूना लेना), हाइड्रोसील (अंडकोष के आसपास तरल पदार्थ जमा होना), बवासीर, गांठ और लिपोमा (चर्बी की गांठ) के उपचार जैसी प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा मधुमेह के कारण आंखों के पर्दे पर पड़ने वाले असर (डायबिटिक रेटिनोपैथी) और ग्लूकोमा (काला मोतिया) की जांच भी इसमें शामिल है।

बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

योजना के तहत लाभार्थियों को उपचार उपलब्ध कराने के बदले सरकारी अस्पतालों को खर्च की प्रतिपूर्ति की जाती है। इस राशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, चिकित्सा उपकरण खरीदने, दवाओं और उपचार में इस्तेमाल अन्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, परिचालन खर्चों को पूरा करने और अतिरिक्त स्वास्थ्य पेशेवरों की सेवाएं लेने के लिए किया जा सकता है।

ताजा संक्षेप

फिल्मी अंदाज में ज्वेलर्स से 40 करोड़ की लूट

चंपारण। बिहार के पश्चिम चंपारण के बेतिया में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने लूट करके पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। कालीबाग थाना क्षेत्र में सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित सेंको ज्वेलर्स शोरूम में 3 बाइक पर सवार होकर पहुंचे करीब 8अपराधियों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की। 40 करोड़ रुपए के गहने लूटकर फरार हो गए।

मंडी में खाई में कार गिरने से 6 की मौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक दर्दनाक कार हादसे में 6 लड़कों की मौत हो गई। हादसा जिले के लडभड़ोल क्षेत्र में हुआ है। कार सड़क से अनियंत्रित होकर करीब 250 फीट गहरी खाई में गिर गई। जान गंवाने वालों में कुछ नाबालिग भी बताए हैं।जोगेंद्रनगर के सिमस क्षेत्र में मंगलवार रात को हादसा हुआ।

बिहार की ओर बढ़ रहा अकवन, जिलों में अलर्ट

नई दिल्ली। बिहार में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। दक्षिण बिहार में ठंड का असर बढ़ रहा है, तो बंगाल की खाड़ी में सक्रिय गंभीर चक्रवाती तूफान अकवन को लेकर मौसम विभाग ने नया पूर्वानुमान जारी किया है। बिहार के अधिकांश हिस्सों में सुबह कोहरा की संभावना है।21 और 22 नवंबर को कुछ इलाकों में हल्की बारिश होगी।

भागवत इंफाल में करेंगे योजनाओं की समीक्षा

इंफाल। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत 18 से 20 नवंबर तक संगठनात्मक दौरे पर इंफाल पहुंचे। मणिपुर में हिंसा के बाद उनका राज्य का दूसरा दौरा है। वे संगठनात्मक कार्यों, शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। राहत, पुनर्वास और सेवा कार्य का आकलन करेंगे।

मातृशक्ति का सम्मान समाज और राष्ट्र के निर्माण का सबसे बड़ा आधार : रीना चौधरी एवं अनिल दुबे

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान ने हजारों महिलाओं को साड़ी वितरित कर प्रस्तुत किया अनुकरणीय उदाहरण

सिंह गेस्ट हाउस में आयोजित समारोह में उमड़ा मातृशक्ति का जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हरौनी क्षेत्र स्थित नारायणपुर के सिंह गेस्ट हाउस में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हिंदी दैनिक अमन लेखनी समाचार पत्र के प्रधान संपादक डॉ. राजकुमार सिंह चौहान के संयोजन में सामाजिक सहयोग, सेवा और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित भव्य साड़ी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हजारों की संख्या में महिलाओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके सम्मान, शिक्षा और सामाजिक योगदान को राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि देश और समाज की तरक्की में मातृशक्ति का योगदान अतुलनीय है।एक शिक्षित महिला केवल स्वयं शिक्षित नहीं होती,





बल्कि वह पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित एवं संस्कारित करने का काम करती है।यदि मातृशक्ति शिक्षित, सशक्त और जागरूक होगी तो समाज की कई पीढ़ियां इसका लाभ प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण की अनिवार्य शर्त है। दोनों अतिथियों ने डॉ. राजकुमार सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों के बीच पहुंचकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनना ही सच्ची सामाजिक सेवा है। डॉ. राजकुमार सिंह चौहान ने मातृशक्ति को सम्मानित करने और हजारों महिलाओं तक साड़ी वितरण के माध्यम से सहयोग पहुंचाने का जो प्रयास किया है, वह अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सहयोग, समरसता और सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

समारोह के आयोजक डॉ. राजकुमार सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि मातृशक्ति परिवार, समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। महिलाओं का सम्मान और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना उनके लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व और सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता और महिलाओं के सम्मान के लिए आगे आना चाहिए। सामाजिक सहयोग एवं सेवा की भावना से किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़े सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आयोजन में उपस्थित महिलाओं को साड़ी वितरित की गईं। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी और उत्साहपूर्ण सहभागिता आयोजन की सफलता का प्रमाण रही। इस अवसर पर भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री मुकेश सिंह, समाजसेवी रक्षपाल सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य माखन सिंह, समाजसेवी ऋषभ वाजपेई, पत्रकार राहुल तिवारी, राजकुमार सिंह बाबा, पत्रकार शुभम सिंह चौहान, अभिषेक राज सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में हजारों महिलाओं की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि समाज में सेवा, सहयोग और सम्मान की भावना आज भी लोगों को एकजुट करने की सबसे बड़ी ताकत है। डॉ. राजकुमार सिंह चौहान की इस पहल को उपस्थित अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों ने मातृशक्ति के सम्मान की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।

जालंधर में नवीन का राहुल पर हमला

टूलकिट बनकर वे अराजतकता फैलाना चाहते, नहीं होंगे सफल

'समरसता संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को जालंधर में 'समरसता संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब देश विकास कर रहा है, तब राहुल को आपदा दिखाई दे रही है। आप टूल किट बनकर अराजकता फैलाना चाहते हैं, लेकिन आप अपने मकसद में कभी सफल नहीं होंगे। नवीन ने पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा कि नशा के जरिए आपने यहां की जवानी को भटकाने का काम किया है। आपने जो नशा मुक्ति का वादा किया था वो पूरा नहीं किया है। वो केवल आपके लिए राजनीति का मुद्दा बनकर रह गया है।

मान ने पंजाब को आप का एटीएम बनाया

नवीन ने पंजाब की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां कानून केवल अरविंद केजरीवाल की जेब भरने के लिए है और उनका एटीएम कराकर रख दिया है। मान सरकार ने केवल पंजाब के महिलाओं, किसानों , युवाओं को ठगने का काम किया है। पंजाब के युवाओं को बेरजोगार कर दिया है और अब पंजाब द करोड़पति करके योजना ला रहे हैं। पंजाब के पास पैसा नहीं है और वो केवल भरमाने का काम कर रहे हैं और वेलफेयर की स्कीम की बात कर रहे हैं।

3 दिसंबर को होगा यात्रा का समापन

श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के मौके पर नवीन 18 नवंबर को जालंधर से पार्टी की 'समरसता संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा 2,558 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और इसकी शुरुआत जालंधर-पठानकोट राजमार्ग पर डेरा सचखंड बल्लान के पास रायपुर गांव से होगी। 3 दिसंबर को वाराणसी में इसका समापन होगा। इस यात्रा का मकसद श्री गुरु रविदास जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं को, साथ ही समानता, भक्ति, सामाजिक एकता और मानवता के उनके संदेश को लोगों तक पहुंचाना है। यह यात्रा सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों - पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश - के 46 शहरों से होकर गुजरेगी।

9709 गन्ना प्रजाति की खरीद और 600 रुपये मूल्य की मांग पर किसानों का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

फूलबेहड़, खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की खंभारखेड़ा चीनी मिल में बुधवार को गन्ना खरीद को लेकर किसानों और मिल प्रबंधन के बीच तनाव की स्थिति बन गई। 9709 प्रजाति के गन्ने को रिजेक्ट श्रेणी में रखे जाने से नाराज सैकड़ों किसान मिल परिसर में एकत्र हो गए। विरोध जताते हुए किसान डोंगे में उतर गए और मिल का संचालन बंद करा दिया। किसानों का कहना है कि उन्होंने अपने खेतों में 9709 अर्ली प्रजाति के गन्ने की बुवाई की है, लेकिन मिल प्रबंधन इसे रिजेक्ट बताकर खरीदने से इनकार कर रहा है।इससे किसानों को अपनी उपज बेचने की चिंता सता रही है। बुधवार सुबह मिल पहुंचे किसानों ने इस प्रजाति को सामान्य श्रेणी में शामिल कर खरीदने की मांग उठाई। इसके साथ ही गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल तय किए जाने की मांग भी रखी। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक चीनी मिल का संचालन शुरू नहीं होने दिया जाएगा।मिल प्रबंधन की ओर से किसानों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसी दौरान भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और आंदोलन को समर्थन दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने 9709 प्रजाति के गन्ने की खरीद सुनिश्चित करने तथा किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य देने की मांग उठाई। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगों का समाधान होने तक उनका विरोध जारी रहेगा।

रामलीला मैदान में प्रदर्शन पर रोक की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

कारोबार पर असर का किया गया दावा कांग्रेस-आप से अदालत ने मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शनों को रोकने की मांग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। व्यापारियों के संगठनों ने याचिका दाखिल की है। उन्होंने प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है प्रदर्शनों से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। कोर्ट ने व्यापारिक संगठनों की संशोधित याचिका पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कांग्रेस, कॉनरोच जनता पार्टी , आम आदमी पार्टीऔर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि वह 27 नवंबर को प्रदर्शन के पक्ष और विरोध में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

मौलिक अधिकारों के बीच संतुलन होना चाहिए



कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन करने के मौलिक अधिकार और कारोबार चलाने के मौलिक अधिकार के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। वह दिल्ली और देश के दूसरे हिस्सों में हाल के प्रदर्शनों से जुड़े मामलों की अलग-अलग श्रेणियां बनाएगा।इन श्रेणियों के मामलों की

सीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन

सीजेपी, कांग्रेस, आप और आइसा हलफनामा दें

सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी, कांग्रेस, आप और आइसा को नोटिस जारी किया। यह नोटिस दिल्ली में पिछले महीने मुख्य मुख्य आयुक्त के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों को लेकर है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है।

शिवसेना नेताओं ने सोनिया की किताब का किया विरोध

शिंदे के गुट वाली शिवसेना ने जताई नाराजगी

उनके दिल में हिंदुओं के लिए नफरत किताब के पन्ने फाड़े, बोले-बैन करें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना ने किताब का विरोध किया और इस पर बैन लगाने की मांग की। मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना के कई नेताओं ने किताब का विरोध करते हुए इसके पन्ने फाड़ दिए। शिंदे की शिवसेना ने किताब में वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और किताब में पर बैन लगाने की मांग की। शिवसेना नेताओं ने इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा।

- मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा

शाइना ने फाड़ दी बाला साहेब की तस्वीर



शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग' के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। वहीं पार्टी नेता शाइना एनसी ने गलती से शिवसेना के संस्थापक बालसाहेब ठाकरे की एक तस्वीर फाड़ दी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस ने शिवसेना संस्थापक का अपमान करने के आरोप में शाइना पर निशाना साधा है।

पेज 201 और 443 से कुछ हिस्से हटाएं

शायना एनसी, संजय निरुपम, आनंद दुबे और अन्य नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। किताब में वीर सावरकर को बदनाम किया गया है। किताब के पन्ने फाड़े, पेज 201-443 तक हटाने को कहा।

नारायणपुर में मातृशक्ति सम्मान समारोह, सैकड़ों महिलाओं को बांटी गई साड़ियां

भाजपा नेता के संयोजन में हुआ साड़ी वितरण, पूर्व सांसद और रालोद महासचिव रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के नारायणपुर स्थित सिंह गेस्ट हाउस में बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजकुमार सिंह चौहान के संयोजन में मातृशक्ति के सम्मान और सामाजिक सहयोग की भावना से भव्य साड़ी वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रीना चौधरी और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे शामिल हुए। इस दौरान दोनों अतिथियों ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके सम्मान, शिक्षा और सामाजिक योगदान को राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं रालोद महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि देश और समाज की तरक्की में मातृशक्ति का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित महिला केवल स्वयं शिक्षित नहीं होती, बल्कि वह पूरे परिवार के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी शिक्षित और संस्कारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं शिक्षित, सशक्त और जागरूक होंगी तो इसका सकारात्मक प्रभाव समाज की कई पीढ़ियों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना महज सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ, समरस और विकसित समाज के निर्माण की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने महिलाओं को समाज की मजबूत आधारशिला बताते हुए उनके अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर दोनों लोगों ने डॉ. राजकुमार सिंह चौहान के सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद और वंचित वर्ग के लोगों के बीच पहुंचकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनना ही सच्ची समाज सेवा है।समारोह में भारी संख्या में मौजूद महिलाओं को साड़ियां वितरित कर सम्मानित किया गया।

जल जीवन मिशन की पानी की टंकी से तार चोरी करते एक गिरफ्तार

ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया आरोपी, 100 मीटर तार और लोहे की सब्बल बरामद

अमन लेखनी समाचार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

लखनऊ। जल जीवन मिशन के तहत कसमंडी कलां गांव में बनी पानी की टंकी परिसर से सोलर पैनल के तार चोरी कर रहे एक आरोपी को ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची मलिहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 100 मीटर तार और चोरी में इस्तेमाल लोहे की सब्बल बरामद की है। वहीं, उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, कसमंडी कलां निवासी प्रेम कश्यप जल जीवन मिशन की पानी की टंकी पर गार्ड के पद पर तैनात हैं। मंगलवार रात करीब दो बजे दो लोग टंकी परिसर में लगे सोलर पैनलों के तार काटकर चोरी कर रहे थे। इसी दौरान गार्ड की नजर उन पर पड़ गई।उन्होंने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसका दूसरा साथी भाग निकला। पकड़े गए आरोपी की पहचान मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ढखवा निवासी राजेश उर्फ बड़क्के (51) के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से करीब 100 मीटर सोलर पैनल का तार और एक लोहे की सब्बल बरामद की। गार्ड की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार राजेश के खिलाफ मलिहाबाद और माल थानों में चोरी तथा गैंगस्टर एक्ट समेत पांच मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस फरार दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है

डेढ़ माह बाद दर्ज हुई FIR, तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवती की मौत, भांजा गंभीर

कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवती की मौत, मां ने चालक पर दर्ज कराया केस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ माह पहले तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुई मोटरसाइकिल सवार युवती की मौत मामले में उसकी मां ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना के विरहाना खेड़ा निवासी संतोष कुमारी के मुताबिक उनकी बेटी रोशनी गुप्ता अपने भांजे आर्यन और चालक प्रमोद के साथ 2 अक्टूबर की रात मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी। तभी रात करीब 12:30 बजे सरोजनीनगर स्थित दरोगाखेड़ा के पास कानपुर रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही कार संख्या यूपी 32 आरजे 0997 ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रोशनी और आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रोशनी को मृत घोषित कर दिया।

अशासकीय विद्यालय प्रबंधक सभा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

प्रदेश के 18 मंडलों में 6 नए मंडल प्रभारी नियुक्त, तीन तकनीकी एवं कानूनी सलाहकार भी चुने गए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अशासकीय विद्यालय प्रबंधक सभा उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ के नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए विद्यालय प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, प्रबंधकों की समस्याओं के समाधान तथा संगठन के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सभा के अध्यक्ष के.पी. मिश्रा के निधन के कारण रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से सत्य भूषण गुप्ता (मेरठ) को अध्यक्ष चुना गया। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर प्रांतीय कुमार श्रोत्रिय (साना), जनपद बुलंदशहर को सर्वसम्मति से जिम्मेदारी सौंपी गई। विश्व गौरव पाण्डेय को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रदेश महामंत्री अजय श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और सक्रिय रूप से समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के 18 मंडलों में से 6 मंडलों में नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही तीन तकनीकी एवं कानूनी सलाहकारों के रूप में सत्यभूषण गुप्ता, अनिल जायसवाल तथा रोहित त्रिपाठी का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रबंधकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है। प्रबंधक सभा की अधिकृत वेबसाइट भी लॉन्च की गई है, जिसके माध्यम से प्रबंधकों को व्यापक जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य सभी प्रबंधकों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना और आपसी समन्वय स्थापित करना है। बैठक में महेश त्रिपाठी, जौखू लाल तिवारी, चन्द्र प्रकाश द्विवेदी, शिव कुमार सोम, अनुप शर्मा, उरसीम श्रीवास्तव, आलोक पाण्डेय, अनिल जायसवाल, अविनाश त्रिपाठी, दिलीप जायसवाल, अभय सिंह तथा आर.के. मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बकरी को लेकर विवाद में पड़ोसी पर तमंचे से फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

तेजाब फेंकने की धमकी देकर चलाई गोली, पुलिस ने अवैध तमंचा किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पड़ोसी पर तमंचे से जानलेवा फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गौरतलब है कि सरोजनीनगर के रुस्तम विहार कॉलोनी निवासी मो. इखलाख मंगलवार सुबह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के साथ ड्यूटी जाने के लिए घर के बाहर निकले खड़े थे।इसी दौरान उनकी पत्नी साजिया उन्हें बैग देने के लिए बाहर निकली। तभी घर के बगल में रहकर परचून की दुकान चलाने वाले मोहम्मद अली ने पुरानी रंजिश को लेकर शाजिया के चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी थी। जिसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौज और विवाद के बाद मोहम्मद अली ने तमंचा निकाल कर उनके ऊपर दो फायर झोंक दिए थे। हालाकि गोली किसी के नहीं लगी, लेकिन फायरिंग से गुस्साए पीड़ित पक्ष ने उसके गेट पर ईंट पत्थर चला दिए। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मोहम्मद अली को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक इस मामले में पीड़ित मो. इखलाख ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को उसकी बकरी मो. अली के घर में चली गई थी। इसी बात को लेकर मो. अली पुत्र रमजान अली ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने इखलाख को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस मामले में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में गठित दो पुलिस टीमों ने आरोपी मो. अली (65) को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर का देसी तमंचा, एक जिन्दा कारतूस और एक खोखा बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 सहित बीएनएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2015 में भी आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे जेल भेज दिया है।

अनियंत्रित डंपर दो दुकानों पर पलटा, लाखों का सामान नष्ट, दुकानदार बाल-बाल बचा



तड़के 3 बजे हुआ हादसा, डंपर के नीचे दबी स्कूटी, चालक मौके से फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर बुधवार तड़के गिट्टी लदा तेज रफ्तार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर औरावां मोड़ के पास सड़क किनारे स्थित दो दुकानों पर पलट गया। इस हादसे में दुकानदार बाल-बाल बच गया, जबकि दोनों दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। दुकान के सामने खड़ी दुकानदार की स्कूटी भी डंपर के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। नगर पंचायत बंथरा के चंद्रशेखरनगर वार्ड निवासी संतोष चौरसिया (30) बंथरा थाने के बगल में औरावां मोड़ पर बांस के टट्टर से बने होटल में चाय बेचने के साथ बगल में लोहे की गुमटी में पान मसाला व जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। संतोष के मुताबिक मंगलवार रात वह चाय की दुकान के पिछले हिस्से में सो रहे थे। तभी तड़के करीब 3 बजे अचानक तेज धमाके की आवाज आई। आवाज सुनकर संतोष जागे तो देखा कि डंपर नाला तोड़ते हुए दोनों दुकानों पर पलट गया है। वहीं संतोष के दुकान के अंदर पीछे लेटे होने से जान बच गई। उधर हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिक भी मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम

अमन लेखनी समाचार

- **मतदाता पंजीकरण के लिए प्रवासी भारतीय नागरिक ऑनलाइन, ऑफलाइन अथवा डाक द्वारा कर सकते हैं आवेदन**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के अंतर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जा रहे हैं। विदेशों में निवास कर रहे भारतीय नागरिकों को भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने तथा उन्हें मतदान का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रवासी भारतीय निर्वाचक के रूप में मतदाता सूची में शामिल करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में संशोधन कर प्रावधान किया गया जिसके अंतर्गत विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को प्रवासी भारतीय निर्वाचक के रूप में मतदाता सूची में पंजीकरण कराने का अधिकार प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को फार्म-6ए के माध्यम से ऑनलाइन, ऑफलाइन अथवा डाक द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय निर्वाचक ऑनलाइन आवेदन नागरिक सेवा पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा भारतीय पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। वहीं यदि आवेदक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर फार्म-6ए प्रस्तुत करता है, तो आवेदन के साथ भारतीय पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की प्रतियां संलग्न करनी होंगी। डाक द्वारा फार्म-6ए प्रस्तुत करने वाले आवेदकों को आवेदन के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा भारतीय पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी होंगी। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल, 2026 को प्रकाशित एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में कुल 3625 प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत थे, जिसमें 3035 पुरूष एवं 590 महिला मतदाता के रूप में शामिल थे। वहीं 17 नवम्बर, 2026 को प्रकाशित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की आलेख्य मतदाता सूची में कुल 4215 प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें 3492 पुरूष एवं 723 महिला मतदाता के रूप में शामिल हैं। इस तरह आलेख्य मतदाता सूची में 590 प्रवासी भारतीय मतदाताओं की वृद्धि हुई है, जिसमें 457 पुरूष तथा 133 महिला मतदाताओं की वृद्धि शामिल है।

ग्रीन कॉरिडोर के चौथे फेज पर जमीन को लेकर विवाद

लखनऊ। बसंतकुंज से किसान पथ तक बन रहे ग्रीन कॉरिडोर के चौथे फेज में जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मोहनलालगंज तहसील के ग्राम नूरपुर बेहटा में सिंचाई विभाग ने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए एलडीए को पत्र लिखा है। विभाग का आरोप है कि कॉरिडोर का निर्माण उसकी जमीन पर बिना विधिवत हस्तांतरण के कराया जा रहा है। वहीं, एलडीए ने इस आपत्ति को निराधार बताते हुए कहा है कि निर्माण स्थल की जमीन सिंचाई विभाग की नहीं, बल्कि एलडीए की है। सिंचाई विभाग के मुताबिक नूरपुर बेहटा में ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण वाले हिस्से में गाटा संख्या 27, 64, 35, 23, 28 और 24 की जमीन उसके स्वामित्व में दर्ज है। विभाग का कहना है कि इन जमीनों का अब तक एलडीए के पक्ष में हस्तांतरण नहीं हुआ है। ऐसे में हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी किए बिना निर्माण कराना शासन के नियमों के विपरीत है। इससे भविष्य में जमीन के स्वामित्व, रखरखाव और विभागीय अभिलेखों को लेकर विवाद की आशंका है।

बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम : कांग्रेस

आराधना मिश्रा मोना झांसी से करेंगी जनसंवाद का शंखनाद : अब्दुल हन्नान

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी उप्र कांग्रेस अब्दुल हन्नान ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम के नारे के साथ प्रदेश में चुनावी रणभेरी बजा दी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झांसी से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह संदेश साफ है कि कांग्रेस अब प्रदेश की जनता के हक और सम्मान की निर्णायक लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है।

श्री हन्नान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लखनऊ से उन्नाव, कानपुर, कानपुर देहात, उरई और जालौन होते हुए झांसी पहुंचेंगी। वहां आईएमए भवन, बीकेडी चौराहा पर आयोजित लोक हुंकार, जन संवाद कार्यक्रम में वे समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद करेंगी। इनमें कलमकार, कलाकार, इतिहासकार, साहित्यकार, अधिवक्ता और जेन-जी के युवा शामिल होंगे। वे उनसे चर्चा करके उनकी व्यथा और पीड़ा को जानेंगी और उनकी अपेक्षाओं व सुझावों को समझेंगी। इसके बाद लक्ष्मी गार्डन, एलाइड चौराहा पर झांसी मंडल के जालौन, झांसी और ललितपुर जिलों के कांग्रेस पदाधिकारियों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, 2022 विधानसभा और 2024 लोकसभा के प्रत्याशियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वे चुनावी रणनीति को धार देंगी। सायंकाल वे झांसी सर्किट हाउस में कांग्रेसजनों से भेंटवार्ता करेंगी। झांसी प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष माँ पीताम्बरा के दर्शन कर उनका आशीष लेंगी और उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करेंगी।

अगले दिन प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ लौटकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम तथा उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (मध्य जोन) के सम्मेलन में शामिल होंगी। श्री हन्नान ने कहा कि झांसी से शुरू हुआ यह जनसंवाद अभियान यहीं नहीं रुकेगा। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव तक लगातार समूचे उत्तर प्रदेश के हर मंडल, हर जनपद और कोने-कोने तक पहुंचेंगी। वे किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों, श्रमिकों और वंचित वर्गों से सीधा संवाद स्थापित करेंगी। उनकी अपेक्षाओं, उनकी महत्वाकांक्षाओं और उनकी पीड़ाओं को कांग्रेस अपना स्वर देगी।

श्री हन्नान ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक वक्त में देश की शिक्षा, संस्कृति, कृषि और आध्यात्मिक चेतना की राजधानी माना जाता था। आज भारतीय जनता पार्टी की सत्ता की सरपरस्ती में इसी प्रदेश में भगवान श्रीराम के मंदिर की आस्था के साथ कुठाराघात करके चंदा चोरी की गई। साथ ही भ्रष्टाचार के जरिए देश के नागरिकों के संसाधनों की चोरी की गई। आज प्रदेश हर मोर्चे पर बदहाली के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम केवल एक नारा नहीं है, यह उत्तर प्रदेश की जनता से कांग्रेस का वादा है। सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और भ्रष्टाचारमुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण इंडिया गठबंधन करेगा। इंडिया गठबंधन की जीत उत्तर प्रदेश के विकास की गारंटी होगी।

योगी के गढ़ गोरखपुर में अखिलेश यादव का शक्ति प्रदर्शन

20 किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़ा समर्थकों का हुजूम

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में बड़ा राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन किया। पीडीए रथ पर सवार होकर निकले अखिलेश यादव के रोड शो में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

गोरखपुर एयरपोर्ट से शुरू हुआ रोड शो लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए चौरीचौरा क्षेत्र के देवकही गांव पहुंचा। रोड शो गोरखपुर सदर, गोरखपुर ग्रामीण और चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरा। रास्ते में जगह-जगह पार्टी कार्यकताओं ने स्वागत किया और समर्थन में नारे लगाए। अखिलेश यादव ने देवकही गांव में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी शहीद बाबू बंधू सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद पूर्व छात्रनेता विनय कुमार सिंह उर्फ बिन्नू सिंह की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर सभा को संबोधित किया। सभा में अखिलेश यादव ने भाजपा पर राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि यदि आज चुनाव हो जाएं तो गोरखपुर में भाजपा को 'डबल जीरो' मिल सकता है। उन्होंने वाराणसी में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी की जीत का भी उल्लेख किया। गोरखपुर में विकास के दावों पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने जलभराव की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी होती है और विकास के दावों के बावजूद बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। इस दौरे के दौरान अखिलेश यादव पूर्व मंत्री स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी के परिवार से मिलने तिवारी हाता भी पहुंचे। उनके इस दौरे को पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गोरखपुर में आयोजित इस रोड शो के जरिए समाजवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में अपनी राजनीतिक सक्रियता और संगठनात्मक ताकत का संदेश देने की कोशिश की।

आज चुनाव हुए तो गोरखपुर में भाजपा को डबल जीरो मिलेगा

गोरखपुर। आज चुनाव हो जाएं तो गोरखपुर में भाजपा को डबल जीरो मिल सकता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में यह बयान देकर सियासी हलचल तेज कर दी। करीब 20 किलोमीटर लंबे रोड शो के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की जीत का दावा किया। अखिलेश यादव पीडीए रथ पर सवार होकर गोरखपुर एयरपोर्ट से चौरीचौरा क्षेत्र के देवकही गांव पहुंचे। रास्ते में बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने रोड शो में मिले जनसमर्थन को राजनीतिक बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि गोरखपुर की जनता भाजपा को इस बार करारा जवाब देगी।

क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स लगाने के नाम पर किसान से ठगी

वेरिफिकेशन के बहाने दो दिन तक हासिल किए ओटीपी, तीन बार में खाते से उड़ाई रकम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स लगाने का झांसा देकर एक किसान से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने गूगल-पे का क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स लगाने के नाम पर किसान से मोबाइल पर आए ओटीपी हासिल कर लिए। इसके बाद तीन बार में उसके खाते से 99,940 रुपये पार कर दिए। बैंक पहुंचने पर खाते से रकम गायब होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल और रहीमाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी मनोहर की गांव में छोटी परचून की दुकान है। पीड़ित के मुताबिक, दो दिन पहले अभिषेक नाम का एक युवक उनकी दुकान पर पहुंचा। उसने दुकान पर गूगल-पे का क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स लगाने की बात कही। इसके बाद वेरिफिकेशन के नाम पर उनका मोबाइल लेकर ओटीपी पूछ लिया और पेटीएम खाते से अपने खाते में 4,550 रुपये ट्रांसफर कर लिए। रुपये कटने की जानकारी होने पर युवक ने कहा कि अभी क्यूआर कोड जनरेट नहीं हुआ है और अगले दिन आकर प्रक्रिया पूरी कर देगा।

आरोप है कि अगले दिन युवक दोबारा दुकान पर पहुंचा और फिर वेरिफिकेशन के बहाने किसान का मोबाइल लेकर ओटीपी हासिल कर लिया। इसके बाद तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन में कुल 99,940 रुपये खाते से निकाल लिए। किसान को इसकी भनक तक नहीं लगी। युवक ने क्यूआर कोड जनरेट होने की बात कहकर उसे भरोसे में रखा। अगले दिन मनोहर बैंक पहुंचे तो खाते से करीब एक लाख रुपये गायब होने की जानकारी हुई। इसके बाद उन्हें ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल और रहीमाबाद पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है।

संक्षेप

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो जाने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव धौरहरा निवासी 40 वर्षीय यतीश कुमार 11 नवंबर दिन बुधवार भाई दूज के दिन पत्नी सीमा को लेकर अपने साले को रोचना करवाने अपनी ससुराल असोहा क्षेत्र के गांव शंकरखेड़ा गए थे।जहां से वापस घर आ रहे थे।शाम लगभग पांच बजे सेमरी गांव के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक राकेश निवासी सेमरी, असोहा ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें सीमा को मामूली चोट आई थी, लेकिन यतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे। मंगलवार रात यतीश की मौत हो गई। परिजन शव लेकर असोहा थाने पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।यतीश की मौत से पत्नी सीमा, मां कृष्णावती, बेटी अवनी, आर्या व बेटा आदर्श बेहाल रहे।थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है।

कूड़ा जलाने और शौच जाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 1, आजाद नगर, बीघापुर में बुधवार सुबह कूड़ा जलाने और शौच जाने के रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों से लाठी-डंडों से मार पीट को लेकर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।पहले पक्ष के शिवप्रकाश पुत्र सीताराम निवासी वार्ड नं. 1, आजाद नगर, बीघपुर के अनुसार, बुधवार सुबह घर के सामने कूड़ा जला रहे थे। इसी बात का विरोध करते हुए पड़ोसी ओमप्रकाश पुत्र राजाराम, पवन पुत्र राजाराम, संतोषी पत्नी राजारामऔर उनकी पुत्री खुशी गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पिता के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई है।दूसरे पक्ष के ओमप्रकाश पुत्र राजाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह सुबह घर के बाहर बनी अपनी शौचालय लेट्रिन गए थे। उसी दौरान पड़ोस के सीताराम पुत्र बैजू शौचालय के पास कपड़े जला रहे थे, जिससे वहां लगे प्लास्टिक के पाइप में आग पकड़ने का खतरा पैदा हो गया। जब इसका विरोध किया गया, तो शिवप्रकाश पुत्र सीताराम और अविनाश पुत्र शिवप्रकाश ने पीछे से हमला कर दिया, जिससे सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इसके अलावा सीताराम पर जले हुए कपड़े उनके ऊपर फेंकने का भी आरोप है। सूचना मिलने पर तत्काल डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को थाना कोतवाली बीघापुर ले आई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

यातायात नियम व सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

पुरवा-उन्नाव। जनपद के यातायात प्रभारी ने स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं व शिक्षको को यातायात नियमों व सुरक्षा हेतु जागरूक किया। इस दौरान टीआई सुनील कुमार सिंह व टीएसआई तिलक का स्वागत रत्नम चौरसिया ने किया। बुधवार को स्थानीय श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार में यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने छात्रों को सड़क सुरक्षा पर जागरुक किया व यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरुक किया। साथ ही गतिसीमा में वाहन चलाने व नशा न करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक एडवोकेट रत्नम चौरसिया ने यातायात प्रभारी समेत पूरी टीम को सम्मानित किया। स्कूल में स्थापित माता-पिता मंदिर में संस्थापक राम रानी देवी चौरसिया जी व प्रेम नारायण चौरसिया जी की प्रतिमा पर टीम ने पुष्प अर्पित किया। स्कूल संचालक रत्नम चौरसिया एडवोकेट ने टीआई सुनील कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी पुरवा भवन सिंह मौर्य व टीएसआई तिलक सिंह का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद यातायात टीम ने रामकली स्कूल में भी छात्रों को भी जागरुक किया। कार्यक्रम संयोजक स्वयंबर राजपूत मौजूद रहे।

रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के जमीपुर गांव में एक ही जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच आमने-सामने हुए विवाद के मामले में तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहले पक्ष चन्द्रवती सिंह निवासी- चौहाननखेड़ा के अनुसार 14 नवंबर की सुबह विपक्षी विवेक सिंह उर्फ बिक्कू और जयप्रकाश सिंह उनकी जमीन पर जबरन भूसा लगा रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने धक्का-मुक्की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष से प्रतिमा सिंह निवासी-नमाखेड़ा ने आरोप लगाया कि जब वह अपने बरामदे में भूसा भर रही थीं, तब मिथिलेश सिंह ने आकर जबरन उनकी दीवार गिरानी शुरू कर दी। विरोध करने पर अमन सिंह अंशू वहां आ गया और भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। थानाप्रभारी राहुल सिंह ने बताया जमीन व रास्ते के विवाद को लेकर आपस मे मारपीट हुई है। दोनो पक्षों से मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

आगामी पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने तथा पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के संबंध में कई विभागों की संयुक्त रूप से ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें अभियान को सफल बनाने की रूपरेखा तय की गई।

बीडीओ पंकज गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए इसे प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार ने अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 22 नवंबर को बूथ दिवस के अवसर पर पूरे ब्लॉक क्षेत्र में कुल 90 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे। इन बूथों पर पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।उन्होंने बताया कि बूथ दिवस के बाद 23, 24, 25, 26 एवं 27 नवंबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें क्षेत्र में घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का कार्य करेंगी। इस अभियान को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कुल 56 टीमें गठित की गई हैं, जबकि अभियान की निगरानी एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए 19 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है।डॉ. धीरेंद्र कुमार ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बेहद आवश्यक है। बैठक में शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, नगर पंचायत तथा स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर राहुल सचान,पोषाहार विभाग,स्वास्थ्य विभाग तथा नगर पंचायत कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

युवक को लाठी डंडों से पीटा दर्ज हुआ मुकदमा



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के छाँछीराई खेड़ा गांव में मवेशियों को पानी पिलाकर लौट रहे सुरेन्द्र सिंह पर लाठी-डंडों से हमला करने और जान से धमकी देने का मामला में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के छाँछीराई खेड़ा निवासिनी उमाकान्ती के अनुसार उनके पति सुरेंद्र सिंह अपनी भैसों को नदी में पानी पिलाने ले गए थे तभी हिस्ट्रीशीटर महेन्द्र सिंह उनके भाई सत्येन्द्र सिंह और सोनू सिंह पुत्रगण स्व० लाल बहादुर सिंह ने उनकी ही लाठी छीनकर जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने पर बधाई देने वालों का लगा तांता

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला प्रेमगंज में खुशी का माहौल है। यहां के निवासी भगवानदीन की सुपुत्री सपना गौतम का उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर चयन हुआ है। सपना के चयन की खबर मिलते ही मोहल्ले में बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिवार के लोग फूले नहीं समा रहे हैं।सपना के चयन पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता ने उनके आवास पहुंचकर अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि सपना ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। यह पूरे मोहल्ले और बांगरमऊ के लिए गर्व की बात है। बाला राव गुप्ता ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।पुलिस विभाग में चयन होकर सपना अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। उन्होंने सपना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा करें और विभाग का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि सुनील गौतम भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी सपना को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। सपना की इस सफलता से मोहल्ले के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।परिवार के लोगों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सपना ने कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के मार्गदर्शन से उन्हें यह सफलता मिली है। वह पुलिस विभाग में पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।

शिव का ज्ञान केवल धर्म या पुंजा तक नही बल्कि यह सम्पूर्ण जीवन मार्ग व आंतरिक चेतना का मार्ग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के पावनधाम कुटी बीर बाबा मदिर प्रांगड़ में ग्यारहवे हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत सन्त सम्मेलन में सातवें रामकथा के दौरान नैमिष धाम से आये कथा वाचक राघवाचार्य ने भक्तो को शिवपुराण के महत्व पर प्रकाश डालते प्रभु भोलेनाथ पर बोलते हुए कहा कि शिव जी का संदेश हम लोगो के लिये यही है कि बाहरी दुनिया के सुखों में उलझने के बजाय अपने अंदर झांके और वास्तविक उर्जा को पहचाने ,उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समुद्र मंथन से निकला विष पी कर प्रभु ने कन्ठ में धारण किया उसी प्रकार हम भी अपने जीवन की नाकारत्मकता स्वीकार कर उसे सकारत्मक ऊर्जा में बदल सकते है ।उन्होंने अहंकार को त्यागने की बात कही उन्होंने बताया कि अधिक फहन व वैभव पाके कुबेर को अहंकार आ गया था , तो भगवान शिव व बाल गणेश को भोजन पर बुलाया गणेश जी ने उनका सारा भोजन खा लिया तो उनका अहंकार टूट गया , इसलिये किसीबको अहंकार नही करना चाहिए । रामकथा के दौरान , उत्तम चन्द्र लोधी , योगेंद्र दुवेदी , सूरज सिंह , वणिकांत दुवेदी , शिवम तिवारी , राजकुमार मिश्र , मनोज त्रिपाठी , रजनीकांत बाजपेई , सहित सैकड़ों क्षेत्र वासी उपस्थित रहे ।

नगर पालिका में भ्रष्टाचार को डीएम को भेजा शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद आनंद सिंह अर्कवंशी ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र भेज कर नगर पालिका में वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार, फर्जी बोर्ड बैठकें दिखाने और पांच-पांच आरटीआई का जवाब न देने का आरोप लगाया है। वर्तमान में आनंद सिंह अर्कवंशी की माता शिव देवी वार्ड 3 और पत्नी वार्ड 5 से निर्वाचित सभासद हैं।

शिकायती पत्र में कहा गया है कि वर्तमान कार्यकाल में 6 बोर्ड बैठकें दिखाई गईं।जिनमें सिर्फ 1 बैठक सही ढंग से हुई। बाकी 5 बैठकें सिर्फ कागजों पर दिखा दी गईं। उनका कोई फोटो, वीडियो या उपस्थिति प्रमाण नहीं है।

आरोप है कि बिना बोर्ड स्वीकृति के करोड़ों के कार्य कराए गए। टेंडर जारी किए गए और भुगतान हुए। किन्तु कार्य मौके पर अधूरे व घटिया गुणवत्ता के हैं। सभासदों को यह नहीं बताया गया कि किस मद में कितना पैसा आया और कहां खर्च हुआ। अर्कवंशी ने वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 व 2025-26 की विशेष ऑडिट की मांग की है।

पत्र में कहागया है कि गत 16 अक्टूबर को आनंद सिंह, शिव देवी व पूर्व सभासद विमल किशोर उर्फ पंकज गुप्ता ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत 5 बार बोर्ड बैठक, बजट, टेंडर, भुगतान, ऑडिट, स्ट्रीट लाइट, सफाई, आय, गृहकर, जलकर, वित्त आयोग, अमृत योजना, सांसद-विधायक निधि की जानकारी मांगी थी। 30 दिन बीतने के बाद भी जवाब नहीं मिला।

साथ ही निर्वाचित सभासदों को बैठक की सूचना न देने और मुख्य बाजार में अतिक्रमण से लगने वाले जाम पर कार्रवाई न होने का आरोप है। शिकायत में 6 बैठकों की जांच, 3 वर्ष के कार्यों की विशेष ऑडिट, अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर धारा 48 के तहत कार्रवाई और आरटीआई पर धारा 20 के तहत दंड की मांग की गई है।

कचहरी जा रहे युवक को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अचलगंज क्षेत्र के गांव हाडहा निवासी दिनेश बुधवार दोपहर पुरवा कचहरी आया था। जहां बस स्टेशन पर ई-रिक्शा से उतरकर कचहरी पैदल जा रहा था। दही-मोहनलालगंज मार्ग पर कचहरी के पास सामने से आ रही सरकारी बस के चालक ने उसके हाथ में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया।

ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि रोडवेज बस को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

आशीर्वाद यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड के अंतर्गत बिहार कस्बा, केदारखेड़ा और माधवगंज में राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की 'आशीर्वाद यात्रा' का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। यात्रा के आगमन की सूचना मिलते ही सैकड़ों समर्थकों, शुभचिंतकों, महिलाओं और युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पुष्प वर्षा, शंखनाद और 'जय श्री राम' के नारों के साथ इस यात्रा का स्वागत किया गया।यात्रा की शुरूआत माधवगंज गांव से शंख ध्वनि और घंटा बजाकर की गई। इस दौरान पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने गत 30 अगस्त को रक्षाबंधन कार्यक्रम रद्द होने पर जनता से किए गए अपने वादे को निभाया। उन्होंने क्षेत्र के हर घर पहुंचकर अपने भाइयों और बहनों से मुलाकात की, उन पर पुष्प वर्षा की और उन्हें अपना 13 सूत्रीय घोषणा पत्र सौंपा। ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर समर्थन देने और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।बिहार कस्बे में स्थित गिरिजाशंकर सरला देवी इंटर कॉलेज और त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज के प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रसेवक का गर्मजोशी से स्वागत किया। बच्चों पर पुष्प वर्षा कर श्री सिंह ने उन्हें स्नेह दिया और शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए अनमोल गुरुमंत्र साझा किए। इस अवसर पर विनीत सिंह, इकबाल सिंह (प्रधान), गौरीशंकर मास्टर, तेज बहादुर सिंह, शिवबरन, वीरेंद्र यादव, मानवेन्द्र सिंह, विपनेन्द्र सिंह, , इंद्रजीत सिंह, अर्पित कुशवाहा, अंशुल सिंह, विमल, प्रखर सिंह, शेषपाल सिंह उत्तम, रामजी यादव, सौरभ सिंह, आशू सिंह, सहित रीमा सिंह, प्रिया सिंह, सीमा सिंह, सोनी सिंह, मोनी पाण्डेय, आरती यादव, गुड़िया, रानी और सर्वेशकुमारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डम्फर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत बाजार से घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को एक अज्ञात डम्फर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सुमेरपुर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर एक युवक को सौ शैया अस्पताल, बीघापुर रेफर कर दिया गया है।थाना क्षेत्र के कल्यानपुर प्रथम निवासी प्रशांत मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा, उम्र 32 वर्ष और उनके पड़ोसी विकास शुक्ला पुत्र शंभूरत्न शुक्ला, उम्र 21 वर्ष बुधवार देर शाम किसी कार्य से बिहार बाजार गए थे।

देर शाम घर वापस लौटते समय जैसे ही वे सुमेरपुर तिराहे के पास पहुंचे, तभी अनियंत्रित गति से आ रहे एक अज्ञात डम्फर ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।इस भीषण टक्कर से दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सुमेरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के दौरान प्रशांत मिश्रा की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए 100 बेड अस्पताल, बीघापुर रेफर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और टक्कर मारने वाले अज्ञात डम्फर व उसके चालक की तलाश जारी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के मनोहर नगर में मंगलवार देर रात 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती की पहचान मनोज कुमार निगम की बड़ी बेटी माधुरी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, माधुरी का पिछले कुछ समय से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। घरवालों को आशंका है कि तय मात्रा से अधिक दवा खा लेने के कारण उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे उसकी जान चली गई। मंगलवार देर रात जब माधुरी की हालत बिगड़ने लगी, तो घबराए परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। परिजनों ने बताया कि माधुरी दो बहनों में बड़ी थी। उसके माता-पिता के बीच तलाक हो चुका है और पिता मनोज कुमार निगम अलग रहते हैं। पारिवारिक परिस्थितियों के चलते माधुरी अपनी छोटी बहन के साथ ही रह रही थी। बुधवार को पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल हर पहलू से मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।अचलगंज थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर से 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वह बुधवार सुबह घरेलू सामान खरीदने के लिए बाजार जा रही थीं।परिजनों के मुताबिक, बाइक नाबालिग चला रहा था और उसके साथ एक युवक भी बैठा था।बलाई गांव निवासी रमावती, स्वर्गीय सियाराम की पत्नी थीं और घर पर अकेली रहती थीं। वह हाड़ा बाजार जा रही थीं। गांव के लास रोड पर संजय मिश्रा के घर के पास पीछे से आई मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौत हो गई। दोपहर करीब एक बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।रमावती के एक रिश्तेदार ने बताया कि बाइक पर दो लोग सवार थे। उनमें एक नाबालिग बाइक चला रहा था और दूसरा युवक बालिग था। दोनों हाड़ा इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं।परिजनों ने नाबालिग को मोटरसाइकिल देने को लापरवाही बताते हुए हादसे के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस में शिकायत की है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। हादसे में शामिल बाइक सवारों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

संपति को लेकर की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के गांव परेदा निवासी नीतू पत्नी सुनील कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि आसीवन थाना क्षेत्र के गांव पमेधिया निवासी भांजा पवन लक्ष्मी, पूजा व अर्चना, ससुर भगवानदीन की सम्पत्ति लेना चाहते हैं रविवार को सभी लोग गांव पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे जिस पर हमने कहा कि सेवा आदि हम करते हैं तो सभी मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगे यह देख पति सुनील कुमार व जेठानी नीलम बचाने दौडे तो उसके साथ भी मारपीट की जिसमें दोनों घायल हो गए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

22 व 29 नवंबर को होगा मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी 22 व 29 नवंबर को मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के तहत सभी बूथों पर मतदाता अपना नाम जुड़वा, कटवा और संशोधित करा सकते हैं एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने बताया कि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष हो गई है, वे फार्म-6 भरकर अपना वोट बनवा सकते हैं। वहीं फार्म-8 के माध्यम से वोटर कार्ड में फोटो, पता, मोबाइल नंबर व जन्मतिथि आदि में संशोधन कराया जा सकता है। मृत्यु, शादी व शिफ्ट होने की दशा में नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरा जाएगा। यह कार्य 29 नवंबर तक चलेगा। इसके लिए बूथ स्तर अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। एसडीएम ने बताया कि बूथ पर 22 नवंबर व 29 नवंबर शनिवार को विशेष अभियान चलाकर फार्म भरे जाएंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे समय से अपना नाम जांच लें और कोई त्रुटि हो तो उसे अवश्य ठीक करा लें, ताकि आगामी चुनाव में किसी को मतदान से वंचित न होना पड़े।

सम्पादकीय

सोशल मीडिया न बने अश्लीलता का अड्डा



मुद्दा

प्रो.(डॉ.) मनोज दयाल

सोशल मीडिया आज संवाद, सूचना और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसकी आड़ में परोसी जा रही अश्लीलता, हिंसा और आपत्तिजनक सामग्री ने इस मंच की उपयोगिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चिंता की बात यह है कि सोशल मीडिया कंपनियों के एल्गोरिदम कई बार ऐसी सामग्री को अधिक लोगों तक पहुंचाते हैं, जो न केवल सामाजिक मर्यादाओं को चोट पहुंचाती है, बल्कि बच्चों और किशोरों के मन-मस्तिष्क पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में इंस्टाग्राम का अपने कंटेंट रिकमेंडेशन सिस्टम में बदलाव करना स्वागत योग्य कदम है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अब अश्लील और हिंसक पोस्ट की पहचान कर उन्हें यूजर्स तक पहुंचने से पहले ही रिकमेंडेशन से हटाने की व्यवस्था की जा रही है। यह बदलाव केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि सोशल मीडिया की जवाबदेही तय करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। दरअसल, सोशल मीडिया पर समस्या केवल आपत्तिजनक सामग्री अपलोड होने तक सीमित नहीं है। असली सवाल यह है कि ऐसी सामग्री को बढ़ावा कौन और कैसे देता है? प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम यूजर्स की रुचि और उनकी गतिविधियों के आधार पर पोस्ट सुझाते हैं। कई बार सनसनीखेज, अश्लील और हिंसक सामग्री अधिक प्रतिक्रिया जुटाती है। भारत सरकार ने 10 अक्टूबर को मेटा को इंस्टाग्राम और फेसबुक के रिकमेंडेशन सिस्टम तथा एल्गोरिदम की समीक्षा करने की सलाह दी थी। इससे पहले बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों को लेकर भी मेटा को नोटिस जारी किया था। इन घटनाओं ने सोशल मीडिया कंपनियों की निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल खड़े किए हैं। आखिर ऐसी सामग्री प्लेटफॉर्म तक पहुंचती कैसे है और विज्ञापन के रूप में उसका प्रसार होने से पहले उसकी जांच क्यों नहीं होती? बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही को सामान्य तकनीकी चूक बताकर टाला नहीं जा सकता। हालांकि, एआई आधारित फिल्टरिंग अपने आप में समस्या का संपूर्ण समाधान नहीं है। तकनीक की भी सीमाएं हैं। कई बार आपत्तिजनक सामग्री पहचानने में चूक हो सकती है, तो दूसरी ओर जागरूकता, शिक्षा या सामाजिक विमर्श से जुड़ी सामग्री भी गलत वर्गीकरण का शिकार हो सकती है। इसलिए एआई के साथ मानवीय निगरानी, पारदर्शी शिकायत निवारण और नियमित स्वतंत्र समीक्षा भी जरूरी है। कंपनियों को यह बताना चाहिए कि आपत्तिजनक सामग्री हटाने के उनके मानदंड क्या हैं और गलत तरीके से रोकी गई पोस्ट के खिलाफ यूजर कहां अपील कर सकता है। इंस्टाग्राम के नॉट इंटरेस्टेड, सेंसेटिव कंटेंट कंट्रोल और हिडन वर्ड्स जैसे विकल्पों का इस्तेमाल कर अवांछित सामग्री को सीमित किया जा सकता है। किशोरों के लिए टीन अकाउंट्स जैसी व्यवस्थाएं भी उपयोगी हैं, लेकिन इनका प्रभाव तभी होगा, जब अभिभावक बच्चों की डिजिटल गतिविधियों के प्रति सजग रहें और उनमें इंटरनेट के जिम्मेदार इस्तेमाल की समझ विकसित करें। सोशल मीडिया की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि वहां कुछ भी परोसने की छूट मिल जाए। एआई से अश्लीलता और हिंसा पर लगाम लगाने की पहल तभी सार्थक होगी, जब यह महज सरकारी निर्देश के बाद उठाया गया कदम बनकर न रह जाए, बल्कि कंपनियों की स्थायी जवाबदेही का हिस्सा बने। इसे सुरक्षित, मर्यादित और उपयोगी बनाना सरकार, कंपनियों, अभिभावकों और समाज सभी की साझा जिम्मेदारी है।

किश्तवाड़ फिर लहूलुहान..!

> कुलगाम में सीआरपीएफ के नाके पर और किश्तवाड़ में एसओजी के दो एसपीओ पर, लेकिन आतंकी यह भूल गए कि भारत सरकार के रक्षा तंत्र ने सुरक्षा बलों को खुली छूट दे रखी है। आज हमारे जवानों के हाथ बंधे नहीं हैं। उन्हें पहले की तरह दिल्ली से आदेश का इंतजार नहीं करना पड़ता। भारत सरकार ने सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को अत्याधुनिक हथियार, बुलेटप्रूफ वाहन, ड्रोन और खुफिया तंत्र दिया है। कुलगाम में हमले के कुछ ही मिनटों में पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। किश्तवाड़ में पहले वीडीजी और अब एसपीओ की हत्या ने देश को दुखी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

किश्तवाड़ में पुनः आतंकी हमला..! खूनी खेल..! एक दिन, दो हमले..! वहां के घने जंगलों में जब दो एसपीओ के शव मिले, तो पूरे देश का दिल दहल गया..! दच्छन के जंगल में दहशत : कौन मार रहा है हमारे रक्षकों को? बाबी चंद और रशपाल कुमार - दो नाम, जो अब शहादत की अमर गाथा बन गए हैं। लेकिन यह वह भारत है, जिसने आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। वह वह भारत है, जिसने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दुनिया को बता दिया कि अब आतंक का जवाब सिर्फ निंदा से नहीं, गोली से दिया जाएगा। 11 नवंबर को कुलगाम और किश्तवाड़ में हुई घटनाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान अभी भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया है। इस हमले ने मोदी सरकार के मजबूत सुरक्षा कवच को चुनौती दी है। आतंकियों ने सीधा सुरक्षा तंत्र पर हमला किया।

कुलगाम में सीआरपीएफ के नाके पर और किश्तवाड़ में एसओजी के दो एसपीओ पर, लेकिन आतंकी यह भूल गए कि भारत सरकार के रक्षा तंत्र ने सुरक्षा बलों को खुली छूट दे रखी है। आज हमारे जवानों के हाथ बंधे नहीं हैं। उन्हें पहले की तरह दिल्ली से आदेश का इंतजार नहीं करना पड़ता। भारत सरकार ने सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को अत्याधुनिक हथियार, बुलेटप्रूफ वाहन, ड्रोन और खुफिया तंत्र दिया है। कुलगाम में हमले के कुछ ही मिनटों में पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। किश्तवाड़ में पहले वीडीजी और अब एसपीओ की हत्या ने देश को दुखी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से ही आतंकियों की कमर टूट गई है। पत्थरबाजी खत्म हो गई। हड़ताल-चक्का जाम खत्म हो गया। अलगाववादियों की दुकान बंद हो गई। केंद्र सरकार की नीति है - शहीद के परिवार को नौकरी, आर्थिक सहायता और पूरा सम्मान। यही मोदी सरकार की संवेदनशीलता है। आतंकी वीडीजी और एसपीओ को इसलिए मार रहे हैं क्योंकि मोदी सरकार ने गांव-गांव में ग्राम रक्षा गार्डों को हथियार देकर स्थानीय सुरक्षा को मजबूत किया है। मोदी सरकार ने ही वीडीजी को फिर से सशक्त किया। आतंकी इसी सशक्तिकरण से घबराए हुए हैं। कुलगाम हमले के तुरंत बाद मोदी सरकार के निर्देश पर सुरक्षा एजेंसियां एक्शन मोड में आ गईं। सेना, सीआरपीएफ, पुलिस और एनआईए का संयुक्त ऑपरेशन चल रहा है। आज तलाशी अभियान में ड्रोन, थर्मल इमेजिंग, स्निफर डॉग, हेलीकॉप्टर - सब कुछ इस्तेमाल हो रहा है। यह सब मोदी सरकार के कार्यकाल में ही संभव हुआ है। पहले जहां जवानों के पास बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थीं, आज उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उपकरण मिल रहे हैं। तीन संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया फुटेज की जांच हो रही है। आतंकियों का नेटवर्क धीरे-धीरे उजागर हो रहा है। मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है - आतंकी हो या उसका मददगार, कोई नहीं बचेगा। किश्तवाड़ के 8858 फीट ऊंचे दच्छन-मरवा इलाके में भी सघन तलाशी चल रही है। मोदी सरकार ने चिनाब क्षेत्र के लिए विशेष सुरक्षा योजना बनाई है। अब हर पहाड़ी, हर जंगल में आतंकियों के छिपने की जगह नहीं बचेगी। स्थानीय नेटवर्क के



जानकारों को निशाना बनाया गया । बाबी चंद और रशपाल कुमार स्थानीय थे। वे इलाके की हर पगडंडी जानते थे। आतंकी ऐसे ही लोगों को मारकर सुरक्षा बलों की आंख-कान को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन भारत सरकार ने इसी को समझते हुए स्थानीय युवाओं को सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ा है। आज जम्मू-कश्मीर पुलिस में हजारों स्थानीय युवा भर्ती हुए हैं। एसपीओ, वीडीजी, होमगार्ड-सब मोदी सरकार की स्थानीय भागीदारी की नीति का ही परिणाम हैं।

मोदी सरकार ने 'विकास और विश्वास' की नीति से कश्मीर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ा है। आज कश्मीर का युवा पत्थर नहीं, लैपटॉप उठा रहा है। स्टार्टअप कर रहा है। खेल में नाम कमा रहा है। आतंकियों को यही बदलाव बर्दाश्त नहीं हो रहा। इसलिए वे स्थानीय जानकारों को मारकर डर फैलाना चाहते हैं। आतंकी जहांगीर सरूर तो भारत सरकार की हिट लिस्ट पर सबसे बड़ा नाम है। किश्तवाड़ में जहांगीर सरूर डर्फ मोहम्मद अमीन का नाम तीन दशकों से चल रहा है। यह सच है कि वह लंबे समय से सक्रिय है, लेकिन वह भी सच है कि मोदी सरकार के आने के बाद ही उसके नेटवर्क को सबसे बड़ा झटका लगा है। 2018-19 में अनिल परिहार और चंदरकांत शर्मा की हत्या के बाद मोदी सरकार के निर्देश पर एनआईए ने किश्तवाड़ में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। उसके कई सहयोगियों - निसार अहमद शेख, निसाद अहमद, आजाद हुसैन, रुस्तम अली को गिरफ्तार किया गया। उसका नेटवर्क लगभग खत्म कर दिया गया। मोदी सरकार ने ही हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों पर शिकंजा कसा है। उनकी फंडिंग बंद की है। हवाला नेटवर्क तोड़ा है। आज जहांगीर सरूर अकेला पड़ गया है, छिपकर घूम रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को मोदी सरकार ने उसे पकड़ने या खत्म करने की पूरी छूट दी है। वह दिन दूर नहीं, जब उसका भी वही हश्र होगा, जो बुरहान वानी और रियाज नायकू का हुआ। आतंकियों ने अपनी चाल बदली है-छोटे हमले, स्लीपर सेल, हथियार लूटना, जीपीएस का इस्तेमाल। लेकिन भारत सरकार ने भी अपनी रणनीति बदल दी है। आज भारत सरकार की रणनीति के चार स्तंभ हैं। पहला-आतंक पर जीरो टॉलरेंस। अब आतंकियों से कोई बातचीत नहीं, सिर्फ कार्रवाई। दूसरा-सीमा पर अभेद्य सुरक्षा। एलओसी पर स्मार्ट फेंसिंग, अत्याधुनिक निगरानी और चौरासएफ को खुली छूट। घुसपैठ में 90 प्रतिशत से ज्यादा कमी आई है। तीसरा- आतंकी फंडिंग पर प्रहार। एनआईए, ईडी ने आतंकी फंडिंग के सैकड़ों मामलों में कार्रवाई की। अलगाववादी नेताओं की संपत्ति जब्त की गई। चौथा - विकास से विश्वास। भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर में 1 लाख करोड़ से ज्यादा की विकास योजनाएं दी हैं। आईआईटी, एम्स, सड़कें, टनल, रेल - आज कश्मीर विकास की दौड़ में है।

आतंकी स्लीपर सेल बनाते हैं, तो सरकार खुफिया तंत्र को और मजबूत करती है। आतंकी हथियार लूटते हैं, तो सरकार जवानों को और बेहतर हथियार देती है। किश्तवाड़ और कुलगाम की घटनाएं दुखद हैं, लेकिन यह अंत नहीं, आतंक के अंत की शुरुआत है। भारत सरकार ने 370 हटाया, पत्थरबाजी खत्म की, अलगाववाद खत्म किया, आतंकियों की फंडिंग बंद की। अब बचे हुए आतंकियों का भी सफाया होगा। किश्तवाड़ के विधायक शगुन परिहार ने कहा है - दो का बदला चार से लिया जाए। मोदी सरकार की नीति भी यही है - एक भी शहीद का खून बेकार नहीं जाएगा। शहीद बाबी चंद और रशपाल कुमार के परिवारों को देश सलाम करता है। देश को विश्वास है - मोदी सरकार के नेतृत्व में किश्तवाड़ फिर उठेगा। जम्मू-कश्मीर फिर मुस्कुराएगा और आतंक का नामोनिशान मिट जाएगा, क्योंकि अब भारत डरता नहीं, भारत जवाब देता है।

मंथन

रेणु जैन



ग्रीन बिल्डिंग का बढ़ता कारवां, प्रकृति से दोस्ती

तेजी से फैलते शहरीकरण, सिकुड़ते हरित क्षेत्र, बढ़ते प्रदूषण और लगातार चढ़ते तापमान ने आज पूरी दुनिया के सामने पर्यावरण संरक्षण की गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। शहरों में कंक्रीट की इमारतें तो ऊंची होती जा रही हैं, लेकिन उनके बीच प्रकृति के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। गर्मियों में बढ़ती तपिश, एयर कंडीशनर पर निर्भरता और बिजली की खपत इस बदलते पर्यावरण की चेतावनी दे रहे हैं। ऐसे समय में ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा केवल वास्तुकला का नया प्रयोग नहीं, बल्कि भविष्य के सुरक्षित और टिकाऊ शहरों की अनिवार्य आवश्यकता बनकर उभर रही है। यह आधुनिक विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने की एक सार्थक पहल है। इस दिशा में केरल ने उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यहां घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक भवनों की छतों, बालकनियों तथा दीवारों को हरित उद्यानों में बदला जा रहा है। आम, अमरूद, पपीता, नींबू जैसे फलदार पौधों के साथ औषधीय वनस्पतियां, फूल और सजावटी पौधे इमारतों की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह हरियाली केवल आंखों को सुकून देने तक सीमित नहीं है, बल्कि भवनों को गर्मी से बचाने में भी सहायक बन रही है। छतों पर पौधों की परत सूर्य की सीधी तपिश को कम करती है। पौधों से होने वाला वाष्पोत्सर्जन आसपास के वातावरण को ठंडा रखने में मदद करता है। परिणामस्वरूप कुछ भवनों में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल और बिजली की खपत भी कम हो रही है। आज इसका महत्व इसलिए और बढ़ गया है, क्योंकि देश के अनेक शहर भीषण गर्मी और हीटवेव की समस्या से जूझ रहे हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में रूफटॉप गार्डन, वर्टिकल गार्डन और हरित परिसरों के प्रति रुचि बढ़ रही है। नई इमारतों के निर्माण में प्राकृतिक रोशनी, हवा के खेलार आवागमन, सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को महत्व दिया जा रहा है। यह बदलाव बताता है कि अब भवन निर्माण का उद्देश्य केवल सुंदर और सुविधाजनक मकान बनाना नहीं, बल्कि ऐसे परिसर तैयार करना भी है जो पर्यावरण पर कम बोझ डालें। दुनिया के अनेक देश इस सोच को व्यवहार में उतार चुके हैं। वर्तमान में ग्रीन बिल्डिंग का प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई देने लगा है। एक ओर ये भवन ऊर्जा की खपत घटाने और वर्षा जल को संरक्षित करने में मदद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहरी जैव विविधता को भी सहारा दे रहे हैं। पौधों से युक्त परिसर पक्षियों, मधुमक्खियों और तितलियों को आश्रय तथा भोजन उपलब्ध कराते हैं। हरित छतें वर्षा के पानी के बहाव को धीमा कर सकती हैं और उचित डिजाइन के साथ जलभराव का दबाव कम करने में योगदान देती हैं। धूल और कुछ वायु प्रदूषकों को रोकने में भी वनस्पतियां उपयोगी साबित होती हैं। इसका सकारात्मक असर मानव जीवन पर भी पड़ता है। हरियाली से घिरे वातावरण में रहने और काम करने वाले लोगों को मानसिक सुकून मिलता है। प्राकृतिक रोशनी, खुली हवा और पौधों की उपस्थिति तनाव कम करने तथा एकाग्रता बढ़ाने में सहायक हो सकती है। यही कारण है कि अनेक कार्यालय, अस्पताल, होटल और आवासीय परियोजनाएं अपने परिसर में हरित स्थान विकसित करने पर निवेश कर रही हैं। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में ऊर्जा दक्ष भवनों, सौर ऊर्जा, टिकाऊ निर्माण सामग्री, जल संरक्षण और हरित वास्तुकला की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। हालांकि ग्रीन बिल्डिंग को सफल बनाने के लिए केवल छत पर पौधे लगा देना पर्याप्त नहीं है। स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधों का चयन, पानी की उपलब्धता, भवन की संरचनात्मक मजबूती, उचित जल निकासी और नियमित देखभाल भी जरूरी है। आज जरूरत इस बात की है कि हरियाली को विकास के बाद की व्यवस्था नहीं, बल्कि विकास की पहली शर्त माना जाए। प्रत्येक घर अपनी छत या बालकनी में कुछ पौधे लगाए, प्रत्येक कार्यालय अपने परिसर में हरित क्षेत्र विकसित करे।

अहंकार ही अज्ञान है



संकलित

दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानो दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम खूब याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

अंतर्मन



आज की पाती

पुस्तकें ज्ञानियों की समाधि हैं

पाती-मधुरा के जीवन में पुस्तकों का महत्व तेजाब पढ़ने और जानकारी प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। पुस्तकें मधुरा के जीवन को दिशा देती हैं, उसके व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं और समाज को बुरा विवेक तथा सत्कर्मों से जुड़ने की प्रेरणा देती हैं। पुस्तकें केवल खाली के पन्नों का संग्रह नहीं होतीं, बल्कि उनमें किसी लेखक का जीवनभर का अनुभव, चिंतन, संघर्ष और उपलब्धि संग्रहित रहती है। किसी पुस्तक को खोलना ऐसा है, जैसे हम किसी विद्वान, शिक्षक या महापुरुष के साथ बैठकर संवाद कर रहे हों। इसलिए कहा गया है कि पुस्तकें ज्ञानियों की समाधि हैं। समाधि में महापुरुषों का शरीर भले ही विलीन हो जाए, लेकिन उनके विचार और जीवन दर्शन पुस्तकों के माध्यम से सदियों तक जीवित रहते हैं।

-वसुंधरा मांडोत, सूरत

टेंड

इमारत गिरना दुःखद



दिल्ली के लाजपत नगर में इमारत गिरने की दुखद घटना में हुई जान-माल की हानि अत्यंत पीड़ादायक है। इस हादसे ने जिन परिवारों से अपने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

शहादत की बरसी



महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की शहादत की बरसी पर उन्हें नमन। उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ पूरे देश को एकजुट किया और सत्य के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आउटसोर्स कर्मचारी



मध्य प्रदेश सरकार का राज्य में 3 लाख आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकालने का फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य तो पहले से ही बेरोजगारी की कमी है। सरकार को नई भर्तियां करनी चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मौजूदा कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया जाए।

- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

आस्था की बात



धर्मेन्द्र जी, खासकर जब वो हमारे सदाबहार रोमांस और आपकी इंडस्ट्री व उद्योग की बात होती है, तो किसी खास बात के बिना अधूरा लगता, हालांकि वो अपने पीछे एक विरासत और उन्हें समझने में मदद करने वाली कहानियां छोड़ गए हैं।

- सुनील लहरी, अभिनेता

करंट अफेयर

ग्वाटेमाला में आपात स्थिति के बाद सुरक्षा अभियान तेज

मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ी हिंसा पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रपति बर्नार्डो अरेवालो द्वारा 30 दिनों की आपातकालीन स्थिति घोषित किए जाने के कुछ दिन बाद, सोमवार को देश के गृह और रक्षा मंत्रियों ने सुरक्षा अभियानों का निरीक्षण किया। शनिवार को घोषित इस आदेश के तहत 30 दिनों के लिए कई संवैधानिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें लोगों की आवाजाही और सभा करने की स्वतंत्रता भी शामिल है। इस आदेश से सुरक्षा बलों को बल प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर करने, लोगों को गिरफ्तार करने और बिना वारंट घरों में प्रवेश करने का अधिकार मिल गया है।



ऑफ बीट

कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ वर्षों में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं।



संक्षेप

सड़क के गड्ढे में गिरकर छात्र की मौत

ग्रामीण बोले- पूर्व सांसद स्मृति ईरानी और अन्य नेताओं को कई बार लिखित शिकायत दी गई थी

अमेठी , मीर मऊ गांव में बुधवार सुबह स्कूल जा रहे 14 वर्षीय छात्र साईं प्रताप की सड़क के गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। वह कक्षा 6 में पढ़ता था। साईं प्रताप गुरु प्रसाद निषाद का बेटा था और बूबूपुर के बीबीएस पब्लिक स्कूल में पढ़ता था। वह सुबह घर से स्कूल के लिए निकला था। पूरे महीपत के पास जर्जर सड़क के गड्ढे में लड़खड़ाकर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उसकी मौत हो गई। गांव वालों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत के लिए शासन-प्रशासन, पूर्व सांसद स्मृति ईरानी और अन्य नेताओं को कई बार लिखित शिकायत दी गई, लेकिन मरम्मत नहीं हुई।

डीएम ने छह टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी

मरीजों से नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेने को कहा, बोले- टीबी का इलाज संभव

अमेठी , राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में छह टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान उन्होंने मरीजों से पौष्टिक आहार लेने और डॉक्टरों के बताए अनुसार दवा का पूरा कोर्स तय समय तक जारी रखने की अपील की। डीएम ने कहा कि टीबी का इलाज संभव है। समय पर जांच, नियमित दवा और संतुलित पोषण से इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। डीएम ने बताया कि सरकार टीबी मरीजों को मुफ्त जांच, दवा और पोषण सहायता उपलब्ध करा रही है। मरीजों को दवा का कोर्स बीच में नहीं छोड़ना चाहिए। पौष्टिक आहार लेने से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर पहुंचाने के निर्देश जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों तक स्वास्थ्य सुविधाएं और पोषण सहायता समय पर पहुंचाई जाए। मरीजों की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मरीज सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे। मरीजों से पूछा हाल, परेशानी होने पर डॉक्टर से संपर्क की सलाह डीएम ने मरीजों से उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इलाज के दौरान किसी तरह की परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी। कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है।

किशोरी को ले जाने का आरोप

घर से जेवर-नकदी चोरी का भी दावा, मां ने विधायक से मदद मांगी

अमेठी , मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के पिंडारा महाराज गांव में 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से जेवर-नकदी चोरी करने का आरोप लगा है। किशोरी की मां रीना ने गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह से शिकायत कर उसे ढूंढने और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, 12 नवंबर को गांव के किशन पुत्र खुरराज पर रीना की नाबालिग बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप है।

जनता की समस्याओं को सुनने के साथ समाधान तक नजर रखते हैं डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, कार्यशैली का अंदाज सबसे अलग

जनता दर्शन में शिकायतकर्ता के सामने ही अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करते हैं सीधा संवाद, पूछते हैं शिकायत पर अब तक क्या कार्रवाई हुई और कब तक होगा समाधान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रशासनिक जिम्मेदारी का असली उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना ही नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना भी है। इसी सोच के साथ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की कार्यशैली में जनसुनवाई और जवाबदेही को विशेष प्राथमिकता दिखाई देती है। कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित जनता दर्शन में वह आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हैं और उनके निस्तारण की प्रगति पर भी नजर रखते हैं। डीएम की कार्यशैली का सबसे खास पहलू यह है कि वह शिकायतकर्ता से प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित विभाग को भेज देने भर से संतुष्ट नहीं होते। वह समस्या की तह तक जाने और उसके समाधान की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास करते हैं। इसके लिए जरूरत पड़ने पर तहसील, ब्लॉक और अन्य संबंधित अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिकायतकर्ता के सामने ही सीधा संवाद करते हैं। इस दौरान



अधिकारियों से उनका सीधा सवाल होता है कि क्या यह शिकायतकर्ता अपनी समस्या लेकर आपके कार्यालय आया था? यदि आया था तो अब तक उसकी समस्या का समाधान क्यों नहीं हुआ? क्या मामले की जांच के लिए मौके पर टीम भेजी गई थी? इसके बाद वह अधिकारी से स्पष्ट रूप से पूछते हैं कि अब इस शिकायत का निस्तारण कितने दिनों में कर दिया जाएगा। इस तरह शिकायतकर्ता के सामने ही अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का उनका प्रयास जनसुनवाई को महज औपचारिकता बनने से रोकता है।

गोवंश संरक्षण पर विशेष प्राथमिकता, खुद लेते हैं जमीनी जायजा

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की प्रशासनिक प्राथमिकताओं में गोवंश संरक्षण भी प्रमुख रूप से शामिल है। गोशालाओं की व्यवस्थाओं पर उनकी विशेष नजर रहती है। वह समय-समय पर गोशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखते हैं। गोवंश से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हैं। खास बात यह है कि वह केवल कार्यालय में बैठकर मिलने वाली रिपोर्ट पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि जरूरत पड़ने पर स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हैं।

समस्या के पीछे की परिस्थिति समझने की भी रखते हैं क्षमता

डीएम की कार्यशैली का एक और महत्वपूर्ण पक्ष उनकी सूक्ष्म निरीक्षण क्षमता है। जनता दर्शन में सामने बैठे फरियादी की बात सुनते समय वह केवल शिकायत के शब्दों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उसकी परेशानी, परिस्थितियों और समस्या के वास्तविक कारण को समझने का प्रयास करते हैं। बातचीत के दौरान ही मामले के विभिन्न पहलुओं का आकलन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं। उनकी दूरदर्शी सोच और निर्णय लेने की क्षमता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह किसी भी समस्या को केवल कागजी कार्रवाई के नजरिये से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक परिणाम और आमजन को मिलने वाली राहत के दृष्टिकोण से देखते हैं। कुल मिलाकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की कार्यशैली में संवेदनशीलता, सक्रियता, दूरदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही का समन्वय नजर आता है। जनता की शिकायतों को स्वयं सुनना, शिकायतकर्ता के सामने अधिकारियों से जवाब मांगना, समाधान की समयसीमा निर्धारित कराना और जरूरत पड़ने पर मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना उनकी कार्यप्रणाली को अलग पहचान देता है।

जनगणना 2027 की तैयारियों का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

लापरवाह कर्मचारियों को लगाई फटकार



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जनगणना 2027 की तैयारियों एवं कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच ने तहसील कैसरगंज के अंतर्गत जनगणना ब्लॉक संख्या 523 अयनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगणक दीपिका सोनी, सुपरवाइजर विवेक वर्मा (लेखपाल) के कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही जलालपुर गांव में भी पहुंचकर जनगणना से संबंधित कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं गंभीरता से निर्वहन करने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को गुणवत्ता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

नानपारा चीनी मिल के पेराई सत्र का डीएम एसपी ने किया शुभारंभ, जनप्रतिनिधि रहे मौजूद



अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मो0 कौशर

बहराइच। श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल नानपारा का पेराई सत्र शुरू हो गया। जिलाधिकारी बहराइच राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव और जनप्रतिनिधियों ने विधि विधान से पूजा कर उद्घाटन किया। हवन-पूजन के बाद डीएम राजेश कुमार पाडेय, एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि कृपा राम वर्मा, बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल और चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजबहादुर यादव ने फीता काटा इसके बाद सभी ने बटन दबाकर पेराई सत्र शुरू किया। ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लाने वाले किसान राम सुख, पुत्र सुख मंगल, और बैलगाड़ी से गन्ना लाने वाले किसान सुखविंदर सिंह को अंगवस्त्र और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान चीनी मिल के जीएम समेत संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

सराहनीयः बाबागंज मे एलिम्को उपकरण वितरण कैंप का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। नवाबगंज ब्लाक अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बाबागंज में दिव्यांग बच्चों के लिए एलिम्को उपकरण वितरण कैंप का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह रहे, तथा प्रधान प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद अनवर व खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज शिवम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव पूजा सिंह द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में विकास खंड नवाबगंज, रिसिया, शिवपुर से आए 91 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में 18 ट्राई साइकिल, 10 व्हील चेयर, 04 सीपी चेयर 26 अति गंभीर मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए टी एल एम किट, 8 बैसाखी, 8 रोलेटर, 02 ब्रेल किट, 02 सुगमय केन, 36 हेयरिंग ऐड, 07 बच्चों को कैलीपर्स के साथ-साथ अन्य उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विमल अग्निहोत्री के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के अवसर पर, शैलेंद्र कुमार वर्मा, राजू खान, मो. सलीम, विनोद कुमार सरोज, विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार, जयवीर सिंह, सुरेन्द्र कुमार पांडे, उग्रसेन, गंगासागर, जितेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रामप्रकाश मिश्र स्पेशल एजुकेटर्स एवं बीआरसी के समस्त कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया है।

जाफर इमाम रिजवी बने शिया समाज के जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जाफर इमाम रिजवी को ऑल इंडिया शिया समाज का बहराइच जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने उनके अनुभव, सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर नानपारा, बहराइच, कैसरगंज, जरवल और पयागपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों की अंजुमनों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। नानपारा के लोगों ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जाफर इमाम रिजवी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन को मजबूत करेंगे। साथ ही शिया समाज सहित जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान और उनके हक-अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। बहराइच काजीपुरा सैयदवाडा निवासी मोहम्मद मेंहदी, नानपारा निवासी कलीम मुस्तफा अली खान आदि ने उनके जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर मुबारकबाद दी है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

तेजवापुर, बहराइच। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत बुधवार को कोतवाली देहात की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने बेड़नापुर के गनियापुर स्थित साईराम ट्रेडर्स पर जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला अपराधों, सामाजिक कुप्रथाओं, साइबर अपराधों से बचाव तथा उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108, 102 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक दीपिका यादव, कांस्टेबल पूजा देवी, आशुतोष सिंह, विनय यादव, जितेंद्र गुप्ता और दिलीप कुमार मौजूद रहे।

रुपईडीहा में श्री राम जानकी की प्रातः परिक्रमा में उमड़े हजारों श्रद्धालु



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में भगवान दास महंत श्री श्री 1008 के नेतृत्व में श्री राम जानकी सुबह परिक्रमा धूमधाम से निकाली गई। श्री राम लला की आरती के तुरंत बाद परिक्रमा शुरू हुई। परिक्रमा में नगर के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ जय श्री राम के जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। पूरी परिक्रमा के दौरान नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। इस अवसर पर पूरनमल अग्रवाल, विकास बंसल, रतन अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अशोक कुमार मिश्रा, डब्बू सोनी, मनीराम शर्मा, नरेश बंसल सहित सैकड़ों सम्मानित नगरवासी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर परिक्रमा का स्वागत किया। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

नेपालगंज रोड पर दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक का पैर टूटा

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। नेपालगंज रोड पर राना पेट्रोल पंप के सामने बुधवार को दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 18 वर्षीय उमेश पुत्र रामफेरन निवासी ग्राम बंजरिया गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में उसका पैर टूट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार से आ रही थीं। इसी दौरान राना पेट्रोल पंप के सामने दोनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेपालगंज रोड स्थित राना पेट्रोल पंप के सामने आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के चलते यह स्थान दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बना हुआ है। इसके बावजूद वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से उक्त स्थान पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने, गति नियंत्रण के उपाय करने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

सुल्तानपुर में पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति और अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की मांग उठाई

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन 18 नवंबर को दिया गया। संघ ने शिक्षकों और उनके आश्रितों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू करने का स्वागत किया। साथ ही कहा कि शिक्षकों की कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। संघ ने नई पेंशन व्यवस्था खत्म कर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। एक अप्रैल 2005 से पहले चयनित, लेकिन बाद में नियुक्त हुए शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग रखी। टीईटी अनिवार्यता से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के आदेश के असर को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग की गई। संघ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजने की मांग भी की। ज्ञापन में शिक्षकों के शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रमाणपत्रों की एसटीएफ से जांच कराने के आदेश पर फिर विचार करने की मांग शामिल है। संघ ने प्रधानाध्यापकों के खाली पदों पर पदोन्नति और गैर-टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों को पदोन्नति का मौका देने की मांग की। ब्रिज कोर्स परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक की शर्त खत्म करने की मांग भी रखी गई। संघ ने विशेष श्रेणी के शिक्षकों के लंबित अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की सूची जल्द जारी करने और 12 साल की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान देने की मांग की। मृतक शिक्षकों के योग्य आश्रितों को नौकरी देने की मांग भी ज्ञापन में है। संघ ने विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सफाईकर्मी और चौकीदार रखने की मांग की। अंतर्जनपदीय, अंतः जनपदीय और पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया शीतकालीन अवकाश में पूरी कराने की मांग भी की गई। शिक्षकों को दूसरे शनिवार और उपार्जित अवकाश देने की मांग भी संघ ने उठाई। संघ ने सरकार से सभी 12 मांगों पर विचार कर जल्द शासनादेश जारी करने की अपील की।

मेड़ काटकर पाइप डालने से रोकने पर किसान को पीटा

गोपालपुर में पांच लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में सरकारी चकरोड़ की मेड़ काटकर पाइप डालने का विरोध करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर पांच लोगों ने एकराय होकर ग्रामीण के साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोपालपुर गांव निवासी वाहिद अली पुत्र जाहिद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 नवंबर 2026 को सुबह करीब 10:30 बजे गांव के एजाज अहमद, अनस, लतीफ, जैद और अब्बास उसके खेत के पास स्थित सरकारी चकरोड़ की मेड़ काटकर पाइप डाल रहे थे। इसकी जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंचा और ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि इस पर सभी लोग एकराय हो गए और मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में घायल वाहिद अली इलाज कराने प्रतापगढ़ चला गया।

'अखिलेश न कथा सुन पाएंगे न करवा पाएंगे'

धीरेंद्र शास्त्री बोले- अगर कभी श्रद्धा जागी तो उनके लिए कथा कहूंगा, लेकिन ऐसा होगा नहीं

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा- वह बहुत अच्छे व्यक्ति हैं, हम उनके विरोधी नहीं हैं। हम तो यही कहेंगे कि वह भी आएं और कथा सुनें। खैर ऐसा समय तो नहीं आएगा कि वह हमारी कथा सुन पाएं या करवा पाएं। अगर कभी उनके अंदर श्रद्धा जागेगी तो हम बेझिझक उनके लिए कथा करेंगे। कुंडा में विधायक रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की राम कथा करवा रहे हैं। पहले दिन यानी मंगलवार को कथा पूरी करने के बाद धीरेंद्र शास्त्री मीडिया के सामने आए और उनके सवालों का जवाब दिए। आज यानी बुधवार को रामकथा का दूसरा दिन है। सुबह-सुबह धीरेंद्र शास्त्री गंगा नदी में स्नान करने गए। हौदेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन किया। इस मंदिर के संरक्षक राजा भैया हैं। उनके साथ हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास मौजूद रहे।

सवालः अखिलेश यादव आप पर ज्यादा हमलावर हैं। ऐसा क्यों?

जवाबः हम में कोई ऐसी बात होगी इसलिए ऐसा है। जहां तक मेरी कथा के सस्ती-महंगी होने की बात है तो हम कोई वस्तु नहीं बेच रहे हैं। धर्म धंधा नहीं है। धंधा होता तो सस्ता होता।

धर्म श्रद्धा का विषय है। बाकी बहुत ऐसे धनवान लोग हैं जो हमारी कथा करवाना चाहते हैं, कथा खरीदने के भाव में देखेंगे तो हम नहीं जाएंगे, श्रद्धा से करेंगे तो ऐसे ही चल देंगे।

सवालः सपा मुखिया के अलावा भी कई विपक्षी नेता आपसे नाराज हैं। क्या कहेंगे?

जवाबः हम बहुत सफाई इसलिए नहीं देते, क्योंकि हम अपना कार्य करने निकले हैं तो स्वाभाविक है कि तरह-तरह की बात होगी। संविधान के अनुसार कथा नहीं रोकी जा सकती। अगर रोकी जाएगी तो नमाज भी रुकेगी। चर्च की प्रार्थना भी रुकेगी। ऐसा होगा तो व्यवस्था बिगड़ेगी। हिंदू जाग रहा है, सनातनी जाग रहा है, मुखरता के साथ जवाब दे रहा है।

सवालः आप यूपी में सियासी कथाएं कर रहे हैं, नेताओं को फायदा पहुंचा रहे हैं?

जवाबः कथा सुनने वाले, करने वाले और करवाने वालों को फायदा मिलता है, इतना ही नहीं, कथा से साउंड वाले, टीवी वाले और न्यूज वालों तक को फायदा होता है। जहां तक चुनावी साल की बात है।

संक्षेप

सहायक लेखाधिकारी के आवास से चार लाख का सामान चोरी

बागपत ब्लॉक में 80 हजार नकद, सोने की चेन और अंगूठी ले गए चोर

बागपत ,ब्लॉक परिसर में सहायक लेखाधिकारी रजनीश सैनी के आवास का ताला तोड़कर चोरों ने करीब चार लाख रुपए का सामान चुरा लिया। इसमें 80 हजार रुपए नकद, सोने की चेन और अंगूठी शामिल हैं। मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ निवासी रजनीश सैनी विकास भवन में सहायक लेखाधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली पर छुट्टी लेकर वह अपने घर गए थे। मंगलवार सुबह लौटने के बाद सीधे ड्यूटी पर चले गए। शाम करीब 6:30 बजे वह ब्लॉक स्थित अपने आवास पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर 80 हजार रुपए नकद, करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन, पांच ग्राम की अंगूठी और अन्य सामान चुराया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। रजनीश सैनी ने कोतवाली बागपत में शिकायत दी है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

एमआरएफ सेंटर के नीचे दबा कूड़ा हटाने की मांग

भारतीय किसान यूनियन (अखंड) ने डीएम को पत्र सौंपा, मिट्टी और भूजल प्रदूषण का खतरा जताया

बागपत ,नगर पालिका परिषद के एमआरएफ सेंटर के नीचे और आसपास जमीन में दबे कूड़े को हटाने की मांग की गई है। भारतीय किसान यूनियन (अखंड) ने जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल को पत्र देकर कूड़ा खुदवाकर बाहर निकालने और उसका वैज्ञानिक तरीके से निपटारा करने को कहा है। संगठन के मुताबिक, नगर क्षेत्र के कूड़े के निपटारे के लिए नगर पालिका परिषद ने एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर बनवाया था। आरोप है कि सेंटर के नीचे और आसपास बड़ी मात्रा में कूड़ा जमीन में दबा दिया गया।संगठन ने बताया कि इस मामले की पहले भी शिकायत की गई थी। जांच में संबंधित जगह पर जमीन के अंदर कूड़ा दबा मिला था। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है, लेकिन कूड़ा हटाने की कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। भारतीय किसान यूनियन (अखंड) का कहना है कि शासन स्तर पर जांच और कार्रवाई जारी रह सकती है, लेकिन जमीन में दबे कूड़े को हटाने के लिए अंतिम फैसले का इंतजार नहीं करना चाहिए।

कार सवार ने ट्रैक्टर चालक को पीटा

7 थप्पड़ मारे, हाथ मरोड़ा, आरोपी की तलाश जारी

बागपत , वंदना चौक पर कार सवार युवक ने ट्रैक्टर चालक को पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।घटना दोपहर करीब 12:30 बजे शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई। युवक सफेद कार से आया और पहले ट्रैक्टर चालक को गालियां दीं।

रेलवे मुख्यालय पर अभ्यर्थियों का धरना

सीसीएए अभ्यर्थियों ने रेलवे भर्ती प्रक्रिया पर उठाए सवाल, ओपन मेरिट की मांग

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , रेलवे ग्रुप डी भर्ती में कटऑफ अंकों की कथित विसंगतियों के विरोध में कोर्स कम्प्लीटेड एक्ट अप्रेंटिस (सीसीएए) अभ्यर्थियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में कटऑफ अंकों को लेकर विसंगतियां हैं।

प्रयागराज क्षेत्र के परिणाम में सीसीएए श्रेणी के अभ्यर्थियों को ओपन/अनारक्षित सीट नहीं दी गई। मंगलवार को उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बनने के बाद उन्होंने मुख्यालय के गेट पर बैठ गए।

कटऑफ अंकों पर सवाल

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सीसीएए श्रेणी में सामान्य वर्ग का कटऑफ 71.493 अंक जारी किया गया है, जबकि एसटी वर्ग का कटऑफ 73.048 अंक है। सामान्य वर्ग से एसटी का कटऑफ अधिक होने पर उन्होंने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। अभ्यर्थियों ने पारदर्शी स्कोर कार्ड जारी करने, सामान्य श्रेणी की कटऑफ के बराबर या अधिक अंक पाने वाले अप्रेंटिस अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में स्थान देने, 20 प्रतिशत अप्रेंटिस कोटे का पूरा लाभ सुनिश्चित करने और एनएसी प्रमाणपत्र अपलोड के लिए मॉडिफिकेशन लिंक जारी करने की मांग की है। रेलवे के अनुसार, वर्ष 2024 में ग्रुप डी के करीब 2,000 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिनमें सीसीएए के लिए 404 पद थे। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 23 नवंबर तक चलनी है।

छात्रों की प्रमुख मांगें

कटऑफ का पुनर्निरीक्षणः सभी फफउ जोनों में सीसीएए श्रेणी के कटऑफ की पुनः समीक्षा की जाए।

नोटिफिकेशन के नियमों का शत-प्रतिशत पालनः सीईएन 08/2024 के पैरा 9.1 और 9.2 के प्रावधानों को सभी जोनों में एक समान रूप से लागू किया जाए।

कैबिनेट मंत्री नंदी की मां का निधन

मंत्री ने लिखा- मां की छाया सिर से दूर हो गई, डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने श्रद्धांजलि दी

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, यूपी में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की मां विमला देवी का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 85 साल थी। लंबे समय से बीमार चल रही थीं। प्रयागराज के नाजरेथ हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसकी जानकारी खुद मंत्री ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि आज मां की छाया सिर से दूर हो गई। पिता जी के जाने के बाद मां ने ही परिवार को संभाला था। उनका प्यार और आशीर्वाद हर कठिनाई से लड़ने का संबल था। उनकी मौजूदगी ईश्वर की मौजूदगी जैसी थी।

मां के शव को देखकर रो पड़े मंत्री

मंत्री नंदी के मीडिया प्रभारी बालाजी के मुताबिक, उम्र अधिक होने के कारण उनकी मां को बीच-बीच में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें होती थीं। वह मुख्य रूप से सांस संबंधी बीमारी से परेशान थीं। पिछले एक हफ्ते से अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बीते एक साल में भी उन्हें दो-तीन बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। मां के निधन के समय मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी लखनऊ में थे। निधन की सूचना मिलने के बाद वह प्रयागराज पहुंचे। यहां मां के शव को देखकर वह रो पड़े। नंद गोपाल नंदी दो भाई और एक बहन हैं। उनके छोटे भाई का नाम कृष्ण गोपाल गुप्ता और बहन अन्नपूर्णा केसरवानी हैं।

सीएम योगी ने दुख जताया, डिप्टी सीएम घर पहुंचे

केशव प्रसाद मौर्य मंत्री नंद गोपाल नंदी के घर पहुंचे। माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मंत्री सांत्वना दी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ब्रजेश पाठक ने पर पोस्ट कर दुख जताया। यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' प्रयागराज की शहर दक्षिणी सीट से भाजपा विधायक हैं। 23 अप्रैल 1974 को प्रयागराज के एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे नंदी जमीन से जुड़े सफल कारोबारी भी रहे हैं। उन्होंने 2007 में बसपा के टिकट पर पहला चुनाव इलाहाबाद दक्षिण से जीता था। फिर मायावती सरकार में मंत्री भी बने थे। 2014 में नंदी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन हार गए थे। 2017 में नंदी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और विधायक चुने गए।

नहर किनारे मछली पकड़ने गए बुजुर्ग की हुई मौत परिजनों में मची चीख पुकार



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद की किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा नहर के किनारे मछली पकड़ने गए 60 वर्षीय नन्हका पासवान की मौके पर ही मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के निहालपुर गांव के नजदीक कल दोपहर समय बुजुर्ग नन्हका मछली पकड़ने के लिए गंगा नहर पहुंचे वही अचानक उन्हें खासी आई और मुंह से रक्त की पलटी हुई कुछ ही समय में हालात ज्यादा नाजुक हो गई यह दृश्य देखकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तथा परिवार के सदस्यों को सूचना दी परंतु दुर्भाग्य परिवार के सदस्य जब तक पहुंचते तब तक बुजुर्ग की सांसें थम चुकी थी यह देख परिजनों में चीख पुकार मच गई

चांदपुर एवं जहानाबाद प्रशासन बेलगाम पीड़ितों को नहीं मिल पा रहा न्याय

जहानाबाद थाना प्रभारी पर लगा घूसखोरी का आरोप तो चांदपुर थाना प्रभारी को नशे में धुत होने का दावा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद में तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कड़े दिशा निदेर्शों के बाद भी अनेक स्थानों में तैनात प्रशासन पीड़ितों को न्याय न देकर स्वयं भ्रष्टाचार में आमादा दिखाई पड़ रहा है जहां लगभग 2 महीने से जनपद के थाना जहानाबाद प्रशासन के ऊपर 20000 रुपए घूसखोरी का आरोप लगाते हुए पीड़िता बुजुर्ग असहाय महिला न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रही है वही चांदपुर थाना प्रभारी वृंदावन राय के ऊपर पीड़ितों ने नशे में धुत होने का आरोप लगाते हुए मुकदमा न दर्ज करने की बात बताई निरंतर कई महीनो से क्षेत्र के दोनों थानो की शिकायत लगातार आ रही हैं जहां जहानाबाद थाने परिसर में कारखास के द्वारा अवैध वसूली करते हुए निपटारे किए जाते हैं वही चांदपुर थाना परिसर में स्वयं थाना प्रभारी की नशाखोरी की शिकायतें लगातार प्रशासन की छवि धूमिल कर रही है लगातार शिकायतें पहुंचने के बाद भी जनपद का प्रशासन पीड़ितों को न्याय नहीं दे पा रहा है यह एक सोचनीय विषय है देखना यह है कि ऐसे जघन्य अपराध करने वाले थाना के प्रशासन के ऊपर उच्च अधिकारी अपनी कब कलम चलाते हैं

नगर निगम की दुकानों के निर्माण का विरोध

स्कूल का फ्रंट छिपने और सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका, लोग बोले- यातायात प्रभावित होगा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित सर्किट हाउस रोड पर डीआईजी कोठी के पास नगर निगम की ओर से कराए जा रहे दुकानों के निर्माण का विरोध शुरू हो गया है। महापौर हरिकांत अहलूवालिया के नाम शिकायती पत्र देकर निर्माण पर आपत्ति जताई गई है। संस्था का कहना है कि दुकानों के निर्माण से विद्यालय की जमीन का फ्रंट पूरी तरह छिप जाएगा। साथ ही इस वीआईपी रोड पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होगी।

दुकान बनने से सड़क पर जाम की समस्या बढ़ेगी

शिकायत में बताया गया कि सर्किट हाउस रोड पर डीआईजी कोठी के पास हॉवर्ड प्लास्टर्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज और इंग्राहम इंग्लिश स्कूल की भूमि एवं कार्यालय की चारदीवारी के आसपास नगर निगम की ओर से दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्थान कन्या इंटर कॉलेज के पास है और वीआईपी रोड भी है। ऐसे में यहां दुकानों का निर्माण सुरक्षा और आवागमन के लिहाज से उचित नहीं है। संस्था ने आशंका जताई कि दुकानों के बनने से सड़क पर जाम की समस्या बढ़ सकती है और विद्यालय की संपत्ति का मुख्य हिस्सा भी छिप जाएगा। शिकायत का संज्ञान लेते हुए महापौर ने नगर निगम के प्रभारी संपत्ति एवं अतिक्रमण को पत्र जारी किया है। इसमें संबंधित स्थल का निरीक्षण कर पूरे प्रकरण की जांच करने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सिंचाई कर रहे अधेड़ किसान को सर्प ने डशा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पाली गढ़वा निवासी 52 वर्षीय किसान राधे मोहन पुत्र स्वर्गीय अमरपाल पटेल को खेत में काम करते हुए एक जहरीले सर्प ने अपना शिकार बना लिया तथा किसान की मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में हाहाकार मच गया मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस मंगलवार शाम समय अपने खेतों पर सिंचाई का काम किसान कर रहा था जहां जहरीले सांप ने डस लिया कुछ ही समय में किसान की हालत बिगड़ने लगी तथा उसने परिजनों को सूचना दी आनन-फानन परिजन उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों ले गए जहां हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के पश्चात चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया परिवार के सदस्य किसान को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने किसान राधेमोहन को मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी विजयीपुर अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कैंटर से 164 किलो गांजा मिला:दो तस्कर गिरफ्तार

पूछताछ में 23 अन्य लोगों के नाम आए, कीमत करीब 80 लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , ऑपरेशन प्रहार के तहत क्राइम ब्रांच और मुरादनगर पुलिस की टीम ने एक कैंटर से 164 किलो गांजा पकड़ा। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि 16 नवंबर की रात करीब 11 बजे मुरादनगर थाना क्षेत्र में चेकिंग चल रही थी। पुलिस ने एक आयशर कैंटर रोककर तलाशी ली। उसमें गांजा मिला। पुलिस ने मेरठ निवासी अरुण शर्मा और मोदीनगर निवासी प्रवीण त्यागी को गिरफ्तार किया। कैंटर को भी कब्जे में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजे की खेप ओडिशा और विशाखापट्टनम से लाई जाती थी। इसे दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद, मेरठ और हरिद्वार समेत कई शहरों में भेजा जाता था। पुलिस ने बताया कि गिरोह 2017 से तस्करी कर रहा था। इसके सदस्य आपस में बात करने के लिए जांगी ऐप का इस्तेमाल करते थे और पहचान छिपाने के लिए एक-दूसरे को अलग-अलग नामों से बुलाते थे। डीसीपी के अनुसार, पूछताछ में अरविंद उर्फ भूरा समेत करीब 23 अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। आरोपियों को गांजे की तस्करी में प्रति किलो करीब 3 हजार रुपये का मुनाफा होता था। उन्होंने अक्टूबर में करीब 100 किलो गांजे की खेप लाने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस जांच में दोनों गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास सामने आया है। प्रवीण त्यागी के खिलाफ एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। अरुण शर्मा पर मेरठ में आबकारी अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

मेरठ एक्सप्रेसवे पर एंबुलेंस में धमाके के बाद आग लगी

सीएनजी और ऑक्सीजन सिलेंडर फटे, एंबुलेंस 5 फीट उछलकर पलटी; चालक बचा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , गंगा एक्सप्रेसवे पर दोपहर एक चलती एंबुलेंस में अचानक आग लगने के बाद जोरदार धमाका हो गया। आग की चपेट में आए ऑक्सीजन और सीएनजी सिलेंडर एक के बाद एक फट गए। धमाका इतना जबरदस्त था कि एंबुलेंस करीब पांच फीट हवा में उछलकर सड़क पर पलट गई। इसके बाद गाड़ी आग की लपटों से घिर गई। घटना के दौरान एंबुलेंस में कोई मरीज मौजूद नहीं था। चालक ने समय रहते गाड़ी रोककर बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। आसपास मौजूद लोगों ने भी चालक और परिचालक को बचाने में मदद की। हालांकि, कुछ देर बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मुंडाली थाना क्षेत्र में गांव अतराड़ा के पास गंगा एक्सप्रेसवे की है। दोपहर करीब 2:15 बजे मेरठ की ओर से एक एंबुलेंस गढ़ की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अचानक एंबुलेंस की वायरिंग में आग लग गई। चालक को जैसे ही गाड़ी से धुआं और आग उठता दिखा तो उसने एंबुलेंस सड़क किनारे रोक दी। इसके बाद वह आग बुझाने का प्रयास करने लगा। इसी बीच आग ने विकराल रूप ले लिया और एंबुलेंस में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर तथा सीएनजी टैंक तक पहुंच गई। कुछ ही देर में दोनों सिलेंडरों में जोरदार धमाका हो गया। धमाके के कारण एंबुलेंस उछलकर पलट गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई। एक्सप्रेसवे पर धमाके की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़े।

मरीज नहीं होने से टला बड़ा हादसा

गनीमत रही कि घटना के समय एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। चालक ने भी आग फैलने से पहले गाड़ी रोक दी थी। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। आसपास के लोगों ने चालक और परिचालक को बचाने में मदद की। आग इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। सूचना मिलने पर मुंडाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और एंबुलेंस चालक के संबंध में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। बताया गया है कि घटना के बाद चालक फरार है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों और एंबुलेंस में रखे सिलेंडरों की स्थिति की जांच कर रही है। घटना के चलते एक्सप्रेसवे पर कुछ समय तक लोगों की आवाजाही के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

बीटेक छात्र ने किया सुसाइड, मां से मांगी माफी

मां के नाम आधे पेज का सुसाइड नोट मिला; पोस्टमार्टम के बाद शव राजस्थान ले गए परिजन

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-2 में बीटेक के एक छात्र ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव रविवार रात पंखे से लटका मिला। पुलिस को छात्र के पास से मां के नाम लिखा आधे पेज का सुसाइड नोट मिला। बीटा-2 थाने के प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि राजस्थान के बीकानेर का रहने वाला आदर्श सेक्टर अल्फा-2 में रहता था। वह द्रोणाचार्य कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने परिजनों को भी सूचना दी। नोट में आदर्श ने लिखा कि वह जो चाहता था, वैसा नहीं बन पाया। उसने यह भी लिखा कि वह अब तक परेशान करता आया है और जाने के बाद भी परेशान करेगा। पुलिस के मुताबिक, उसने मां से माफी भी मांगी थी। राजस्थान से परिजन ग्रेटर नोएडा पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया और वे उसे लेकर राजस्थान रवाना हो गए।

नोएडा में 27 साल की महिला दरोगा की मौत

बाथरूम में शव मिला, 2023 में भर्ती हुई थीं; हार्ट अटैक की आशंका

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में 27 साल की महिला दरोगा की मौत हो गई। शव उनके ही सरकारी आवास के बाथरूम में पड़ा मिला। सुबह उनका फोन नहीं उठा तो पिता ने उनकी महिला दरोगा दोस्त को भेजा। दोस्त ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने थाने से पुलिस बुलाई। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तो महिला दरोगा मृत मिलीं। कानपुर की रहने वाली दरोगा रश्मि गौतम के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। पुलिस ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है। रश्मि गौतम जारचा थाने में तैनात थीं। वह 2023 बैच की सब इंस्पेक्टर थीं।

अकेले रहती थीं, पिता रोज सुबह करते थे कॉल

महिला दरोगा रश्मि गौतम थाने परिसर में बने सरकारी आवास में अकेली रहती थीं। उनके पिता वक्षराज गौतम कानपुर देहात में दमकल विभाग में हेड कांस्टेबल हैं। रश्मि की अभी शादी नहीं हुई थी। उनके साथियों के मुताबिक, उन्हें कोई बीमारी नहीं थी। वह थाने में साइबर प्रभारी के पद पर तैनात थीं। उन्होंने सामान्य रूप से अपनी ड्यूटी की थी। पुलिस के मुताबिक, उनके पिता रोज सुबह करीब 7 बजे फोन करके हालचाल लेते थे। सुबह भी उन्होंने कई बार कॉल की, लेकिन रश्मि ने फोन नहीं उठाया। अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने उनकी साथी महिला दरोगा को आवास पर भेजा।

नोएडा में सीएनजी कार में लगी आग

युवक की जलकर मौत, अब तक नहीं हो सकी पहचान, बीड़ी पीने के दौरान आग लगने की आशंका

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के ट्रक मार्केट में देर रात शराब पार्टी के दौरान एक सीएनजी कार में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार के अंदर मौजूद एक युवक बुरी तरह झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, ट्रक मार्केट में रायपुर तिराहे के पास एक टैक्सी कार में युवक बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान बीड़ी पीने के दौरान कार में आग लगने की आशंका जताई जा रही है। कार सीएनजी से चलने वाली थी। आग लगने के बाद उसमें ब्लास्ट होने की भी जानकारी सामने आई है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

कार के अंदर मिला झुलसा हुआ युवक

16 और 17 नवंबर की मध्यरात्रि कार में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस, फायर सर्विस यूनिट और मुख्य अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया। तलाशी के दौरान कार के अंदर एक व्यक्ति झुलसी हुई हालत में मिला। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया।

कानपुर में नशे के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा, चार तस्कर गिरफ्तार

127 ग्राम स्मैक और करीब नौ किलो गांजा बरामद, तस्करी में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली।

अमन लेखनी समाचार



कानपुर नगर। शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बजरिया थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक और गांजा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के पास से 127 ग्राम स्मैक तथा कुल 9 किलो 33 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसके अलावा नशीले पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल, नकदी और लाइटर भी बरामद किया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 18 नवंबर की देर रात उपनिरीक्षक गणेश पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग तथा अपराधों की रोकथाम के लिए निकले थे। टीम बकरमंडी ढाल से करोड़ीमल खटीक पार्क होते हुए नगर निगम मोटर मार्केट की ओर जा रही थी। इसी दौरान कूड़ाघर की तरफ से कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दी। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो सुलभ शौचालय के अंदर एक मोटरसाइकिल खड़ी दिखाई दी, जिसके पास चार व्यक्ति हाथों में पॉलिथीन लेकर खड़े थे। पुलिस को अचानक सामने देखकर चारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने पास स्मैक और गांजा होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने नियमानुसार एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए राजपत्रित अधिकारी अथवा मजिस्ट्रेट के समक्ष तलाशी का विकल्प दिया। इसके बाद सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया और उनकी मौजूदगी में आरोपियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पहले आरोपी आशू सोनकर उर्फ इलाहाबादी पुत्र मुन्नालाल, निवासी 103/104 कर्नलगंज, थाना बजरिया, कानपुर नगर के कब्जे से 127 ग्राम स्मैक तथा 250 रुपये नकद बरामद हुए। दूसरे आरोपी मुन्ना पुत्र सिद्दीकी, निवासी सुढ़ियामऊ, थाना रामनगर, जनपद बाराबंकी के पास से 3 किलो 51 ग्राम गांजा और 220 रुपये बरामद हुए। तीसरे आरोपी रामचन्द्र पुत्र सुखई, निवासी जैदपुर, थाना जैदपुर, जनपद बाराबंकी के कब्जे से 3 किलो 11 ग्राम गांजा तथा 510 रुपये मिले। वहीं चौथे आरोपी मकसूद पुत्र अब्दुल सलाम, निवासी ग्राम टेरा, थाना जैदपुर, जनपद बाराबंकी के पास से 2 किलो 971 ग्राम गांजा, 200 रुपये नकद और एक लाल रंग का लाइटर बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक बरामद मादक पदार्थों का इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन कराया गया। आरोपियों ने पूछताछ में कथित तौर पर बताया कि वे बाहर से कम कीमत पर स्मैक और गांजा खरीदकर लाते थे तथा यहां महंगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। पकड़ा गया माल मोटरसाइकिल से लाने-ले जाने की बात भी सामने आई है। मौके से बरामद मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 जेएम 2069 को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। वाहन के पंजीकरण संबंधी जांच में यह लखनऊ निवासी एक व्यक्ति के नाम दर्ज मिली, जबकि आरोपी मकसूद ने इसे मांगकर लाना बताया। पुलिस ने आशू सोनकर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 तथा मुन्ना, रामचन्द्र और मकसूद के खिलाफ धारा 8/20 के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तारी और बरामदगी की प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य एप के माध्यम से किए जाने की बात भी फर्द में दर्ज है। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थों को सील कर नमूना सील तैयार किया तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

समरसेबिल चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

चोरी गया सामान बरामद, आरोपियों को न्यायालय में किया पेश

अमन लेखनी समाचार



टोड़ीफतेहपुर (झांसी)। थाना टोड़ीफतेहपुर क्षेत्र के ग्राम दुगारा में खेत के कुएं से समरसेबिल चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर 2026 को जितेंद्र कुमार पुत्र केशवदास निवासी ग्राम दुगारा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 144/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। उपनिरीक्षक दामोदर सिंह द्वारा मामले की विवेचना की जा रही थी। घटना के खुलासे और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 18 नवंबर को घटना का खुलासा कर तीन आरोपियों पवन कुमार पटेल (22 वर्ष), पुष्पेंद्र पुत्र कालीचरण अहिरवार (34 वर्ष) तथा रमाकांत कुशवाहा (23 वर्ष), निवासी ग्राम दुगारा को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पवन जायसवाल ,उपनिरीक्षक दामोदर सिंह, कांस्टेबल, अमित कुमार रावत कांस्टेबल दिनेश चन्द्र, कांस्टेबल चेतन सिंह शामिल रहे

कोंच पुलिस ने स्कूल में हुई चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार;

उच्च प्राथमिक विद्यालय पचीपुरा का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को दिया था अंजाम, पुलिस ने चोरी के सामान के साथ घटना में प्रयुक्त औजार भी किए बरामद

अमन लेखनी समाचार



कोंच, जालौन। कोतवाली कोंच पुलिस ने स्कूल में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सैमसंग कंपनी का सरकारी टैबलेट, एक इन्वर्टर, तीन स्टार्टर और 920 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा चोरी की घटना में इस्तेमाल किए गए पेचकस, हथौड़ा और प्लास भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों ग्राम पचीपुरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सरकारी सैमसंग टैबलेट, नकदी, इन्वर्टर, बैटरी, स्पीकर और अन्य सरकारी अभिलेख चोरी कर लिए थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चंद्र रावत के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के नेतृत्व तथा संबंधित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कोतवाली कोंच पुलिस ने जांच और सुरागरसी करते हुए ग्राम पचीपुरा निवासी निहाल उर्फ टिकले (20 वर्ष) पुत्र कमल किशोर अहिरवार और पिंटू (25 वर्ष) पुत्र अशोक अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मामले में चोरी का माल बरामद होने से संबंधित अतिरिक्त कानूनी धारा भी बढ़ाई गई है।

गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी आया सामने

पुलिस के अनुसार, आरोपी पिंटू के खिलाफ पूर्व में भी कोंच कोतवाली में छेड़छाड़, गाली-गलौज, धमकी और पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामला दर्ज रहा है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ वर्तमान चोरी की घटना से संबंधित कार्रवाई की गई है।

अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, 329.7 किलो विस्फोटक सामग्री के साथ एक गिरफ्तार

दिवाली के बाद चोरी-छिपे गोदाम में जमा किए थे पटाखे, छठ और कार्तिक पूर्णिमा पर बिक्री कर मुनाफा कमाने की थी तैयारी।

अमन लेखनी समाचार



कानपुर नगर। रिहायशी इलाके में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किए जाने का मामला सामने आने पर नवाबगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में आतिशबाजी बरामद की है। पुलिस ने एक गोदाम से 21 कार्टन और एक बोरी में रखे विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए, जिनका कुल वजन करीब 329.7 किलोग्राम बताया गया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, 17 नवंबर को गंगा बैराज चौकी क्षेत्र में चेकिंग और गश्त के दौरान एक शिकायत के आधार पर पुलिस टीम आजाद नगर स्थित मकान संख्या 2ए/413 पहुंची। शिकायतकर्ता राजेंद्र कौशिक ने आरोप लगाया था कि उनके मकान के आंशिक हिस्से को किराये पर लेने वाले व्यक्ति ने वहां अवैध रूप से पटाखों और बारूद का भंडारण कर रखा है। शिकायत की जांच करने पहुंची पुलिस टीम ने मकान के अंदर बने गोदाम में बड़ी संख्या में गत्ते और पानी की बोतलों के पैकेट रखे देखे। खुले कार्टन की जांच करने पर उनमें पटाखे मिले। मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रतीक जैन उर्फ रोहन जैन पुत्र संदीप कुमार जैन, निवासी आजाद नगर, थाना नवाबगंज, कानपुर नगर बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने गोदाम पानी की बोतलें रखने के लिए किराये पर लिया था, लेकिन दिवाली के दौरान बिक्री के लिए लाए गए पटाखे बच जाने के बाद उन्हें वापस मैगजीन में जमा कराने के बजाय गोदाम में रख दिया। उसने कथित तौर पर छठ पर्व और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पटाखे बेचकर अतिरिक्त मुनाफा कमाने की योजना बनाई थी। पुलिस ने मौके पर रखे पटाखों की गिनती और जांच की तो 15 बंद कार्टन, छह खुले कार्टन तथा एक सफेद बोरी में विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी मिली। बरामद पटाखों में फुलझड़ी, रॉकेट, चकरी, अनार, स्काई शॉट और अन्य प्रकार के पटाखे शामिल थे। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर इनका कुल वजन 329.7 किलोग्राम पाया गया। आरोपी से पटाखों के भंडारण के संबंध में लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह मौके पर कोई वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि पटाखों का लाइसेंस उसके पिता के नाम पर था, जो एक से नौ नवंबर तक वैध था। दिवाली के बाद बचा हुआ माल वापस जमा कराने के बजाय उसने कथित तौर पर लालच में आकर गोदाम में छिपा दिया और त्योहारों के दौरान बेचने की तैयारी कर रहा था। पुलिस का कहना है कि गोदाम के आसपास रिहायशी क्षेत्र होने के कारण इस तरह भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का भंडारण गंभीर खतरा पैदा कर सकता था और किसी हादसे में बड़ी जनहानि की आशंका थी।पुलिस टीम ने बरामद पटाखों को सावधानीपूर्वक टेंपो में लादकर कब्जे में लिया। खुले पटाखों को अलग बोरी में रखकर सील किया गया तथा जांच के लिए नमूने विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया अपनाई गई। आरोपी के पास से 600 रुपये नकद भी बरामद हुए। बरामदगी की वीडियो रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य के माध्यम से तैयार की गई। नवाबगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि पटाखों का इतना बड़ा भंडार कहां से लाया गया था और इसमें अन्य किसी व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है।

जालौन में दो विशेष लोक अदालतों का आयोजन, चेक बाउंस और वाहन चालान के मामलों का होगा निस्तारण

21 नवंबर को चेक बाउंस और 28 नवंबर को मोटर वाहन अधिनियम के चालानों का होगा सुलह-समझौते से निपटारा, जनपदवासियों से लाभ उठाने की अपील

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपदवासियों को त्वरित, सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जालौन में नवंबर माह में दो विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। इनमें चेक बाउंस और मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार आगामी 21 नवंबर 2026 को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित होगी। वहीं, 28 नवंबर 2026 को मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित चालानों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन, स्थान उरई की पूर्णकालिक सचिव श्रीमती मनाली चन्द्रा ने बताया कि 21 नवंबर को दीवानी न्यायालय परिसर एवं बाह्य न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस के मामलों का निस्तारण कराया जाएगा। जबकि 28 नवंबर को वाहन चालान से संबंधित मामलों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों पर संबंधित न्यायालयों में पहुंचकर अपने लंबित मामलों एवं वाहन चालानों का निस्तारण कराएं और इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं। लोक अदालत के माध्यम से पारित निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होता है। विशेष लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी तेज, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को 21 नवंबर को दिया जाएगा प्रशिक्षण

मतदेय स्थलों पर न्यूनतम सुविधाओं और संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा प्रशिक्षण

ख़बर दृष्टिकोण अमन लेखनी समाचार नीरज सिंह तोमर

जालौन।आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव राज ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की स्वीकृति के बाद सेक्टर ऑफिसरों की तैनाती की गई है। प्रशिक्षण में मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) और वल्नरेबिलिटी मैपिंग यानी संवेदनशील क्षेत्रों एवं मतदाताओं की पहचान से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी दी जाएगी।

मेडिकल कॉलेज विवाद पर एसपी का बड़ा बयान, दोनों पक्षों की होगी जांच; दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

नर्सिंग के करीब 50 प्रतिशत छात्रों के फेल होने को लेकर प्रिंसिपल से मिलने पहुंचे थे छात्र, बातचीत के दौरान एमबीबीएस छात्रों और डॉक्टरों से हुई धक्का-मुक्की व अभद्रता कॉलेज परिसर में पुलिस बल तैनात, डीएम की ओर से छात्रों की काउंसलिंग कर समाधान निकालने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार



जालौन। उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में बुधवार को नर्सिंग छात्रों और कॉलेज प्रशासन के बीच हुए विवाद को लेकर पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने अपना बयान जारी किया है। एसपी के मुताबिक नर्सिंग के सेकंड लास्ट सेमेस्टर में करीब 50 प्रतिशत छात्रों के फेल होने के मामले को लेकर कुछ छात्र और छात्र नेता प्रिंसिपल से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान बातचीत ने विवाद का रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की व अभद्रता की घटना सामने आई। एसपी सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि प्रिंसिपल अपने कक्ष में छात्रों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बाहर से पहुंचे कुछ छात्र नेताओं और छात्रों ने बहसबाजी शुरू कर दी तथा अनावश्यक बातें कीं। इस पर वहां मौजूद कुछ एमबीबीएस छात्र और डॉक्टर आक्रोशित हो गए। इसके बाद बाहर से आए छात्रों और मेडिकल कॉलेज के कुछ नर्सिंग कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग-अलग कर दिया। एसपी ने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की दोनों पक्षों से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज परिसर में पुलिस बल तैनात

एसपी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के अनुरोध पर कॉलेज परिसर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और दोबारा कोई विवाद न हो। वहीं, बाहर से आए छात्रों से भी बातचीत कर विवाद की वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है।

डीएम करा रहे छात्रों की काउंसलिंग

मामले में जिलाधिकारी जालौन की ओर से भी छात्रों की काउंसलिंग कराई जा रही है। छात्रों द्वारा दिए जा रहे प्रतिनिधित्व और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है। एसपी के बयान के बाद साफ है कि प्रशासन इस मामले में दोनों पक्षों की भूमिका की जांच कर रहा है और जांच के आधार

लखनऊ से जालौन में मतदाता बने जिलाधिकारी समीर, स्वयं भरा फार्म-8

अमन लेखनी समाचार

जालौन।मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी समीर ने स्वयं पहल करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया है। मूल रूप से लखनऊ के निवासी जिलाधिकारी समीर ने वर्तमान में जालौन में तैनाती और निवास के चलते अपना मतदाता पंजीकरण लखनऊ से जालौन स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8 भरकर आवेदन किया है। जिलाधिकारी की इस पहल का उद्देश्य उन अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को प्रेरित करना है, जो मूल रूप से किसी दूसरे जनपद के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में जालौन में रह रहे हैं। ऐसे पात्र नागरिक फार्म-8 के माध्यम से अपना नाम वर्तमान निवास क्षेत्र की मतदाता सूची में स्थानांतरित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरित कराने अथवा किसी प्रकार का संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

कार्तिक स्नान कर रही कतक्यारियों ने आँवरी की परिक्रमा कर की पूजा-अर्चना

कार्तिक गीतों से गूंजा गांव, कान्हा की भक्ति में जमकर झूमीं गोपिकाएं

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। पवित्र कार्तिक मास में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक स्नान कर रही महिलाओं द्वारा व्रत रखकर ठाकुर जी की पूजा उपासना की जा रही है। क्षेत्र के ग्राम कचीर में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं प्रतिदिन प्रातःकाल कार्तिक स्नान कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन कर रही हैं। बुधवार को अक्षय नवमी के दिन कतक्यारियों ने पारंपरिक कार्तिक गीत गाते हुए आँवरी की 108 परिक्रमा की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजन में पंडित अलख प्रकाश तिवारी ने कार्तिक मास की महिमा एवं धार्मिक महत्व पर कथा सुनाई। वही कान्हा जी और गोपीकाओं के बीच संवाद भी हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में गोपिकाओं ने भक्तिमय गीतों पर जमकर नृत्य किया। पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। इस दौरान फूलचंद्र अहिरवार द्वारा सभी कत्यक्यारियो को वस्त्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर पंडित हरप्रकाश तिवारी, पिंटू परिहार, सिद्धन परिहार, रामस्वरूप यादव, गुलजारी जायसवाल, कल्लू परिहार, रमेश खमा वाले आदि मौजूद रहे।

खराब बिजली मीटर से उपभोक्ता परेशान, शिकायत के बाद मीटर बदलने के दिए गए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



जालौन। नगर के मोहल्ला झुआताला निवासी एक बिजली उपभोक्ता ने खराब बिजली मीटर को लेकर विद्युत विभाग से शिकायत की है। उपभोक्ता का आरोप है कि घर में लगा बिजली मीटर खराब हो गया है, जिसके चलते बिजली की खपत का सही आकलन नहीं हो पा रहा है। इससे भविष्य में बिजली बिल को लेकर परेशानी होने की आशंका बनी हुई है। मोहल्ला झुआताला निवासी रविंद्र सिंह तोमर पुत्र शिवलाल सिंह तोमर ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड जालौन (उरई) को प्रार्थना पत्र देकर खराब मीटर की जांच कराने और उसे ठीक कराने अथवा नया मीटर लगवाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र में बताया कि मीटर खराब होने के कारण बिजली की खपत का सही रिकॉर्ड नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान कराने की अपील की है, ताकि भविष्य में बिजली बिल को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रार्थना पत्र पर मीटर बदलवाने के संबंध में हस्तलिखित निर्देश भी दर्ज किए गए हैं। अब देखना होगा कि विद्युत विभाग कितनी जल्द उपभोक्ता की समस्या का समाधान कर नया मीटर लगवाता है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक -
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



जैकी पर म्यूजिकल फिल्म भी बननी चाहिए : घई

मुंबई। अभिनेता जैकी श्रॉफ के पास अभिनय के अलावा गायिकी का भी हुनर है। दर्शकों ने उन्हें पर्दे पर एक्शन का दम दिखाते देखा है। कॉमेडी करते देखा है और इमोशनल होते देखा है। मगर, इसके साथ ही वे सिंगिंग भी कर सकते हैं। ऐसा सुभाष घई का कहना है। चर्चित निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने जैकी श्रॉफ की सिंगिंग की सिर्फ तारीफ ही नहीं की, बल्कि उनका मानना है कि उन पर म्यूजिकल फिल्म भी बननी चाहिए। फिल्म का भविष्य भी उन्होंने बता दिया कि यह खूब चलेगी। निर्माता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें जैकी श्रॉफ गाना गाते दिख रहे हैं।

लाइफ Style

श्रद्धा

ईठा का गाना 'जी जी रे जी' रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रद्धा कपूर अपनी आपकमिंग फिल्म 'ईठा' को लेकर चर्चा में है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म का पहला गाना 'जी जी रे जी' रिलीज किया है। गाने में श्रद्धा कपूर शानदार डांस करती हुए नजर आ रही है। यह गाना एक मशहूर कलाकार की कहानी को आकार देने वाले जुनून की झलक पेश करता है।

'जी जी रे जी' गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। श्रेया घोषाल ने इसे अपनी मखमली आवाज दी है। इसका म्यूजिक अजय-अतुल ने दिया है। उन्होंने ही इसे कंपोज किया है। मैडॉक फिल्म्स और कठपुतली क्रिएशन्स की तरफ से प्रस्तुत इस गाने में श्रद्धा 'ईठा' के किरदार में नजर आती हैं। इसमें वह पारंपरिक नौवारी साड़ी, गहनों और घुंघरुओं के साथ लावणी करती दिख रही हैं। गाने के बारे में बात करते हुए अजय-अतुल ने कहा कि फिल्म में संगीत का काम सिर्फ कहानी के साथ चलना नहीं था, बल्कि इसने फिल्म के किरदारों और कहानी को स्थापित करने में एक अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे बताया कि वे 'जी जी रे जी' गाने के जरिए, लावनी की पारंपरिक भावना को बनाए रखते हुए, एक दमदार रचना के माध्यम से किरदार की ताकत को दिखाना चाहते थे। घोषाल ने कहा, 'कुछ गाने ऐसे होते हैं जिन्हें आप सिर्फ गाते हैं, जबकि कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें आप कुछ पलों के लिए जीते हैं। 'जी जी रे जी' दूसरे तरह का गाना है। अजय-अतुल ने एक ऐसी रचना तैयार की है जिसमें लावणी का जोश, चतुराई और शालीनता कूट-कूट कर भरी है। मैं चाहती थी कि मेरी आवाज में भी वह सब झलके।'



हॉलीवुड मसाला



शुरू हुई डूम्सडे की एडवांस बुकिंग

नई दिल्ली। भारत में क्रांतिकारी फैसले और हजारों अधिकारियों के तबादले के बाद अब यह साफ हो गया है कि 1 नवंबर से देश में नए वाहन नियम लागू होंगे। इसके तहत पुराने वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसी बीच, सरकार ने 'स्क्रैपेज पॉलिसी' को और सख्त बनाने का फैसला किया है। इसके तहत 15 साल पुराने निजी वाहनों और 10 साल पुराने व्यावसायिक वाहनों को अनिवार्य रूप से स्क्रैप करना होगा। इस नियम का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना है। हालांकि, इस फैसले से आम लोगों में चिंता बढ़ गई है। कई लोगों का कहना है कि यह नियम उन लोगों पर बोझ डालेगा जो पहले से ही महंगाई से जूझ रहे हैं। वहीं, कुछ लोग इसे पर्यावरण के लिए जरूरी कदम बता रहे हैं।



द ओडिसी की शूटिंग के दौरान टॉम ने की मदद

लॉस एंजिलिस। फिल्म 'द ओडिसी' को सिनेमाघरों में दर्शकों से खूब प्यार मिला था। फिल्म में होमरीयुद्ध ओडिसी के उद्धरण शुरुआत किया गया। इस पर एक्ट्रेस ने शूटिंग के दौरान का अनुभव साझा किया। जेंडाया ने बताया कि उस दौरान टॉम ने उनका बहुत साथ दिया। उन्होंने कहा, 'वह अच्छी तरह थी कि उस दिन टॉम सेट पर आने थे, और वह जोर्डन में अकेला महसूस कर रही थी, तुम यह कर सकते हो, तुम अच्छा कर रही हो।' उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके दिल करीबी मजाक में उनके फ्रेकलहित दिखा था। रिपोर्ट के अनुसार जेंडाया ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की अपनी भावनाएं साझा की। उन्होंने कहा, 'वह रोमांचक था क्योंकि मैं रात में शूटिंग कर रही थी, और मुझे याद है कि जब मैं अंदर आई तो मुझे लगा, 'वह मेरे लिए किसी अविश्वसनीय पल जैसा है।



'कॉल मी बे 2' में लीड रोल में आएंगी नजर

मुंबई। अनन्या पांडे अपकमिंग सीरीज 'कॉल मी बे' को लेकर चर्चा में हैं। कलीन डी कुन्हा के निर्देशन में बनी इस सीरीज में अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आएंगी। 'कॉल मी बे' सीजन 2 को करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता ने धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। प्राइम वीडियो ने आज 17 नवंबर को हिंदी ओरिजिनल सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन के वर्ल्डवाइड स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की है। यह सीरीज 17 दिसंबर को रिलीज होगी। यह आठ एपिसोड वाली सीरीज अपने ह्यूमर, ग्लैमर और दोस्ती के अनोखे मेल के साथ वापसी कर रही है। इसमें बे की जिंदगी पहले से भी ज्यादा उलझी हुई है। इस बार वह अपने दिल और बहन कोड को भी आजमाती नजर आने वाली है। नई सीरीज अपने साथ टैलेंटेड एक्टर्स की टीम लेकर आ रही है।



द वन-2 का ऐलान, सामने आई पहली झलक

मुंबई। फिल्म 'द वन' की सफलता के बाद एकता कपूर ने छठ के शुभ अवसर पर इसके सीक्वल 'द वन 2' का ऐलान किया है। यह अपकमिंग फिल्म पहली फिल्म में पेश की गई लोककथाओं और फैंटेसी की दुनिया को आगे बढ़ाएगी। यह फिल्म दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में वापस ले जाएगी जो पौराणिक कथाओं से बुनी गई है। 'बालाजी मोशन पिक्चर्स' और टीवीएफ के सहयोग से पेश की जा रही 'द वन 2' के स्वाथ, एकता कपूर और टीवीएफ एक बार फिर साथ आए हैं। वे अपनी साझेदारी को जारी रखते हुए पहली फिल्म की कहानी को और आगे बढ़ाएंगे। 'वन' के रहस्यमयी जंगल पर आधारित पहली फिल्म ने दर्शकों को एक अनोखी दुनिया से परिचित कराया था। इसमें एक देवो, प्राचीन लोककथाएं और रहस्यमयी शक्तियां दिखाई गई थीं।

टीवी मसाला



रियलिटी शो रोडीज रीबर्थ में 12 साल बाद रघु का कमबैक

नई दिल्ली। रियलिटी टीवी की रोडीज के शुरुआती सीजन्स के कई दर्शक रघु को बिग बॉस में इस लो की कल्पना ही नहीं कर पाए। साल 2014 में रघु राम और उनके भाई राजीव लक्ष्मण ने प्रोड्यूसर्स के बदले का हवाला देते हुए यह शो छोड़ दिया था। अब करीब 12 साल के बाद रघु राम एक बार फिर उसी शो में लौट आए हैं, जिसकी वह पहचान हुआ करते थे। एमटीवी रोडीज रीबर्थ में रघु राम खतरे होस्ट फिर कमबैक कर रहे हैं। रघु राम ने सोमवार को एक प्रेस मीट में कहा, 'रोडीज इंडिया का सबसे लंबा वक्त से वक्त आ रहा रियलिटी शो है। इतने सालों में इसका रन-रप तलवार बदला है। शुरुआती 10 सालों तक इस शो में एक खास फॉरमैट फॉलो किया और फिर इसे आगे बढ़ाने और रिलेवेंट बनाए रखने के लिए इसका फॉरमैट बदलना पड़ा। फिर बैन लीडर्स आए और शो की पॉपुलैरिटी बढ़ती चली गई। अब यह शो रोडीज अपने तीसरे दशक में है और एक बार फिर से जब कुछ बदलने वाला है। रघु राम ने कहा कि यह उनका भी पुनर्जन्म है। यह मेरा वन है, और जब कहूं तो, यह रोडीज के लिए सबसे बुरी खबर है। क्योंकि इसका जन्म का उनका असर किसी बनक से कम नहीं होने वाला है। बता दें कि रघु राम के बाद रोडीज के इस नए सीजन में 'मौत या दोबारा जन्म' का फैसला करने की कुछ स्पेशल पावर्स होंगी।

स्काउट के लिए लव से भिड़ीं आकृपाली

नई दिल्ली। बिग बॉस 26 जो जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे शो में खूब हंगामे हो रहे हैं। अब शो के ग्रुप-अड़ा में एक-दूसरे के दुश्मन बने लव मिल और आकृपाली खुले के बीच अनबन आ गई है। घरों के बीच शो में खूब हंगामा हो रहा। घरों एक-दूसरे के सामने आकर खूब चिल्लाए और इस बार उनकी लड़ाई की वजह थे स्काउट ओझी। दरअसल, शो का नया प्रोमो सामने आया है। प्रोमो की शुरुआत होती है आकृपाली से जो बोलती हैं स्काउट का क्या इंटरेस्ट क्या का तेरे साथ, उसमान उर से जब पूछा तो खुले क्या जवाब दिया। इस पर लव, स्काउट से बोलती हैं कि मैं यहां पर ये नहीं समझूंगी। लव की बात सुनकर स्काउट चिढ़ जाते हैं और बोलते हैं कि मैंने बोल क्या कुछ सुनकर क्यों आकर चढ़ रही हैं। तब लव चिल्लाते हुए बोलती हैं कि जब मेरा भाई था तो था, अब कुछ नहीं लगता मेरा वो।



25 साल बाद पू और लड्डू की जोड़ी फिर मचाएगी धमाल

करीना-ऋतिक का होगा रीयूनियन

मुंबई। बॉलीवुड में करण जौहर ने कई ऐसी जोड़ियां बनाई हैं, जिन्हें आज भी दर्शक पसंद करते हैं। इनमें से एक जोड़ी करीना कपूर और ऋतिक रोशन की भी है, जो फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में नजर आई थी। इस फिल्म में करीना ने 'पू' का किरदार निभाया था, वहीं ऋतिक रोशन लेहर राघवेंद्र उर्फ 'लड्डू' के रोल में नजर आए थे। इस फिल्म में करीना और ऋतिक की जोड़ी को काफी सराहा गया था। अब करीब 25 साल बाद एक बार फिर दोनों उसी अंदाज में नजर आने वाले हैं। करण जौहर ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने करीना और ऋतिक के रीयूनियन का हिंट दिया है। इसके बाद से ही फैंस काफी एक्साइटेड हैं। वीडियो में करीना अपने पू वाले अंदाज में नजर आई हैं। वहीं, हैंडसम हंक ऋति वही झलक भी देखने को मिली है।

करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें करीना कपूर और ऋतिक रोशन की झलक देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि दोनों एक विज्ञापन के लिए साथ नजर आ सकते हैं. वीडियो में करीना लिपस्टिक लगाती दिखाई देती हैं, जो फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में उनके मशहूर किरदार 'पू' की याद दिलाता है। वहीं, दूसरी तरफ ऋतिक रोशन लेदर जैकेट और जूते पहनकर तैयार होते नजर आते हैं। उनका यह अंदाज फिल्म में उनके किरदार रोहन राघवेंद्र यानी लड्डू को याद दिलाता है। खासकि, इस टीजर में दोनों में से किसी एक की पहचान पूरी तरह नहीं दिखाया गया है।



छह दशक और छह हीरो... अब पैटिनसन को जेम्स बॉन्ड के रूप में देखेंगे दर्शक

नई दिल्ली। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट पैटिनसन को इयान जेम्स बॉन्ड के रूप में देखेंगी। जेम्स बॉन्ड 007 के रूप में उनके नाम का ऐलान सोमवार को आधिकारिक ऐलान किया गया। इस जासूस की पहली फिल्म साल 1962 में आई थी। तब से अब तक अलग-अलग अभिनेताओं ने यह रोल किया है। एक किरदार है- जेम्स बॉन्ड। इस जासूस की भूमिकाएं बता दें कि अब तक छह अलग-अलग हीरो इस किरदार को जी चुके हैं। लेकिन हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट पैटिनसन हैं। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट के नाम का एलान हॉलीवुड प्रोडक्शन के जनरलिस्टों के तौर पर हो चुका है। वे अब जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाएंगे। उनसे पहले इस किरदार को किस किसने निभाया

शॉन कॉनरी : जेम्स बॉन्ड की भूमिका में उसने पहले अभिनेता शॉन कॉनरी नजर आए। साल 1962 में रिलीज हुई जेम्स बॉन्ड फिल्म 'डॉक्टर नो' के लिए उन्हें चुना गया। उन्होंने साल 1962 से 1967 तक यह रोल किया। इसके अलावा 1971 और 1983 में भी वे दिखाई दिखाए।

जॉर्ज लेजेनबी : साल 1969 में अभिनेता जॉर्ज लेजेनबी जेम्स बॉन्ड के रूप में दर्शकों से रूबरू हुए। उन्होंने 'ऑन हर मैजेस्टीज सीक्रेट सर्विस' में बॉन्ड के रूप में भूमिका निभाई। वे सिर्फ एक ही फिल्म का हिस्सा बने।

रोजर मूर : फिर यह जासूस का यह किरदार रोजर मूर के हिस्से आया। उन्होंने साल 1973–1985 तक जेम्स बॉन्ड का किरदार पर्दे पर जीवंत किया।

टिमोथी डाल्टन : टिमोथी डाल्टन ने यह रोल 1987–1989 तक किया। उन्होंने इस फ्रैंचाइजी की दो फिल्मों में इस भूमिका में कलाकारी जलवा अंदाज में नजर आए। उन्होंने 1987 में 'द लिविंग डे लाइट्स' और 1989 में 'लाइसेंस टू किल' दो फिल्मों में काम किया।

पियर्स ब्रॉसनन : साल 1995 से लेकर 2002 तक पियर्स ब्रॉसनन इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा रहे और जेम्स बॉन्ड बने। वे चार फिल्मों में बॉन्ड की भूमिका में नजर आए।

डैनियल क्रेग : साल 2006 में डैनियल क्रेग ने इस किरदार को जीवा। उन्होंने 'कैसिनो रॉयल' से यह भूमिका संभाली। फिर साल 2021 तक यह सिलसिला चला। डैनियल ने जेम्स बॉन्ड सीरीज की पांच फिल्मों में काम किया। अब उनके उत्तर हीरो बने है रॉबर्ट पैटिनसन।



टेलीविजन पर सबसे पहले किसने निभाई भूमिका?

खासकि, बात अगर टेलीविजन की करें तो सबसे पहले जेम्स बॉन्ड का किरदार अमेरिकी एक्टर बैरी नेल्सन ने साल 1954 में टीवी शो 'सोशाइमेकल' के 'कैसिनो रॉयल' एपिसोड में निभाया था। साल 1962 से जेम्स बॉन्ड की एंट्री फिल्मों में हुई। अब तक इस किरदार पर 26 फिल्में बन चुकी हैं। साल 1967 में बॉलिवुड लिजेंड में जेम्स बॉन्ड छाये। उन्होंने कॉमेडी-स्पूफ फिल्म 'कैसीनो रोयाल' में इस जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाई थी। खासकि, यह फिल्म 'इयान फ्लेमिंग' की मूल जेम्स बॉन्ड सीरीज का हिस्सा नहीं थी।

आठ गाने भेजने के बाद भी नहीं मिली जगह

ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 की नामांकन सूची से बाहर हुई 'धुरंधर 2'

नई दिल्ली। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' का संगीत ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 की अंतिम नामांकन सूची में जगह नहीं बना सका। निर्माताओं ने कई श्रेणियों में गाने भेजे थे। वहीं, तमिल गीत 'वरुवाइ' को सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में नामांकन मिला है। रणवीर सिंह अभिनीत धिरन्धर धुरंधर: द रिवेंज' ने सिनेमाघरों में अपनी कहानी और संगीत के दम पर दर्शकों का प्यार जीता था। आखिरकार के सिनेमाघर में खत्म हुए इस जबर्दस्त सिनेमा फिल्म के गानों को भी खूब पसंद किया गया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय संगीत पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 की अंतिम नामांकन सूची में फिल्म के संगीत को जगह नहीं मिली है। फिल्म का संगीत शाश्वत सचदेव ने तैयार किया है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, निर्माताओं ने ग्रैमी पुरस्कारों की अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म के आठ गानों विचार के लिए प्रस्तुत किए थे। इसके बावजूद 16 नवंबर को घोषित नामांकन सूची में फिल्म के किसी भी गाने का नाम शामिल नहीं हुआ। फिल्म को संगीत टीम के लिए यह निराशाजनक खबर है। हालांकि, ग्रैमी में किसी गीत को विचार के लिए प्रस्तुत करना और अंतिम नामांकन हासिल करना दो अलग प्रक्रियाएं हैं। यही कारण है प्रतिष्ठित गिलने के बाद मतदान प्रक्रिया के जरिए अंतिम नामांकित कलाकारों और रचनाओं का चयन किया जाता है।

कई श्रेणियों में भेजे गए थे गाने

जहिरत यह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज' के संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से निर्माताओं ने ग्रैमी अवॉर्ड्स की विभिन्न श्रेणियों में गाने प्रस्तुत किए थे। इनमें सिनेमैटिक मीडिया के लिए लिखे गए सर्वश्रेष्ठ गीत, पॉप ड्यूओ या ग्रुप परफॉर्मेंस, ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस और रैप परफॉर्मेंस जैसी श्रेणियां शामिल थीं। उपलब्ध विवरण के अनुसार, फिल्म के कुल आठ ट्रैक पुरस्कारों के लिए भेजे गए थे। निर्माताओं को उम्मीद थी कि फिल्म का दोहरे गाना अंतिम नामांकन सूची में जगह बना सकता है। हालांकि, नामांकन की घोषणा के बाद यह साफ हो गया कि फिल्म का संगीत किसी भी श्रेणी में अंतिम सूची तक नहीं पहुंच सका।

इन गानों को किया गया था प्रस्तुत

फिल्म के गीत 'फिर से' को विशुअल मीडिया के लिए लिखे गए सर्वश्रेष्ठ गीत की श्रेणी में प्रस्तुत किया गया था। वहीं, 'जाहरो खजना' को सर्वश्रेष्ठ पॉप ड्यूओ या ग्रुप परफॉर्मेंस और 'जान से गुजरने है' तथा 'कलहैया' को ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए भेजे जाने की जानकारी है। इसके अलावा 'आगे आगे' और 'सब अटकेया - रेस्टिलर्स' को भी अलग-अलग श्रेणियों में विचार के लिए प्रस्तुत किया गया था। हालांकि, उपलब्ध विवरण में इनमें आठ गानों के नाम शामिल नहीं हैं। ऐसे में सभी गानों के बारे में कोई अंतिम दावा नहीं किया जा सकता। फिल्म के संगीत को दर्शकों से मिली लोकप्रियता के बावजूद ग्रैमी की अंतिम नामांकन सूची में जगह नहीं मिल सकी।



तमिल गीत 'वरुवाइ' को मिला नामांकन

टेलर को मिले सबसे ज्यादा 11 नामांकन

2027 ग्रैमी नॉमिनेशन सामने आ गए हैं। ब्रिटिश सिंगर रे 11 नॉमिनेशन के साथ सबसे आगे हैं, जबकि स्पेनिश सिंगर सेलेस्टिया 9 नॉमिनेशन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। टेलर स्विफ्ट, ओलिविया रॉड्रिगो, ब्रूनो मार्स और फर्गी बिजर जैसी कई बड़ी हस्तियों ने भी म्यूजिक अवार्ड्स के इस सबसे प्रतिष्ठित वर्ल्ड लिस्ट में जगह बनाई है। ब्रिटिश गायक रेचल अगाथा कॉक्स, जिन्हें पेशेवर रूप से 'रे' के नाम से जाना जाता है। 2027 ग्रैमी अवार्ड्स में 31 अगस्त 2026 और 28 अगस्त 2026 के बीच रिलीज हुए गानों शामिल हैं। रिकॉर्डिंग अकादमी के लगभग 16,000 वोटिंग सदस्य 10 सितंबर 2026 और 7 जनवरी 2027 के बीच अपने वोट डालेंगे। ग्रैमी अवार्ड्स 2027 के लिए सोमवार को 'द लाइफ ऑफ द शोगर्ल' को 'सबसे ऑफ द ईयर' कैटेगरी में नॉमिनेशन मिलने के साथ ही, सिंगर टेलर स्विफ्ट ने लगातार इस कैटेगरी में नॉमिनेट होने का रिकॉर्ड बनाया है। टेलर स्विफ्ट इतिहास की पहली ऐसी आर्टिस्ट बन गई हैं जिन्हें लगातार पांच स्टूडियो एल्बम के लिए यह नॉमिनेशन मिला है। उनसे पहले केंड्रिक लैमर को भी यह उपलब्धि मिल चुकी है, हालांकि वे तीनों यह अवार्ड नहीं जीत पाए हैं।

जहां धुरंधर: द रिवेंज' का संगीत ग्रैमी नामांकन हासिल नहीं कर सका, वहीं तमिल गीत 'वरुवाइ' ने इतिहास रच दिया है। संगीतकार और गायक देवन एकंबरम तथा गायिका सुहा के इस गीत को सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में नामांकित किया गया है। इसके ग्रैमी नामांकन हासिल करने वाला पहला तमिल गीत बताया जा रहा है। यह गीत तंजिल कवि कुडवायिल अमरनी की रचना पर आधारित है। इस उपलब्धि से तमिल संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

स्काउट के लिए लव से भिड़ीं आकृपाली

नई दिल्ली। बिग बॉस 26 जो जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे शो में खूब हंगामे हो रहे हैं। अब शो के ग्रुप-अड़ा में एक-दूसरे के दुश्मन बने लव मिल और आकृपाली खुले के बीच अनबन आ गई है। घरों के बीच शो में खूब हंगामा हो रहा। घरों एक-दूसरे के सामने आकर खूब चिल्लाए और इस बार उनकी लड़ाई की वजह थे स्काउट ओझी। दरअसल, शो का नया प्रोमो सामने आया है। प्रोमो की शुरुआत होती है आकृपाली से जो बोलती हैं स्काउट का क्या इंटरेस्ट क्या का तेरे साथ, उसमान उर से जब पूछा तो खुले क्या जवाब दिया। इस पर लव, स्काउट से बोलती हैं कि मैं यहां पर ये नहीं समझूंगी। लव की बात सुनकर स्काउट चिढ़ जाते हैं और बोलते हैं कि मैंने बोल क्या कुछ सुनकर क्यों आकर चढ़ रही हैं। तब लव चिल्लाते हुए बोलती हैं कि जब मेरा भाई था तो था, अब कुछ नहीं लगता मेरा वो।